Postal Regn No./C.G./RYP DN/48/2022-24 website- www.dvpnews.in रायपुर (छ.ग.) एवं झांसी (उ.प्र.) से एक साथ प्रकाशित राष्ट्रीय हिन्दी पत्र

# दैनिक विश्व परिवार

● अंक : 101 ● वर्ष : 12 ● रायपुर, गुरुवार 03 अक्टूबर 2024 ● पृष्ठ : 08 ● मूल्य : 3 रूपए ● संस्थापक : कीर्तिशेष- श्री कैलाश चन्द्र जैन

**सुविचार**



देश से सोने का निर्यात नहीं होना चाहिये और दूसरी बात कच्चे माल का निर्यात नहीं होना चाहिये, यही अर्थ को मजबूत करने का उपाय है।

The gold should not be exported from the country nor should the raw materials, It is only way of strengthening economy.

आचार्य श्री विद्यासागर जी महाराज

## महात्मा गांधी जी के सपनों को पूरा कर रहे हैं प्रधानमंत्री मोदी : मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय

**धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्कर्ष अभियान शुरू करने पर पीएम मोदी को दिया धन्यवाद**




### धरती आबा से छत्तीसगढ़ के जनजातीय समुदाय होंगे लाभान्वित : मुख्यमंत्री

**रायपुर (विश्व परिवार)।** मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय ने कहा है कि महात्मा गांधी का सपना था कि जनजातीय समुदाय विकास की मुख्य धारा में शामिल हो और तरक्की करें। प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी, महात्मा गांधी के इन्हीं सपनों को पूरा कर रहे हैं। मुख्यमंत्री श्री साय ने उक्त बातें धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्कर्ष अभियान के शुभारंभ अवसर पर वर्चुअली जुड़कर कही।

यहां यह उल्लेखनीय है कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी द्वारा आज महात्मा गांधी की जयंती के अवसर पर झारखण्ड के हजारीबाग से देश के जनजातीय इलाकों एवं जनजातियों के उत्थान के लिए धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्कर्ष अभियान का शुभारंभ किया गया। मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय इस कार्यक्रम में बलरामपुर-रामानुजगंज जिले के राजपुर से वर्चुअली शामिल हुए। मुख्यमंत्री ने इस मौके पर उक्त अभियान के देशव्यापी शुभारंभ पर प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी को छत्तीसगढ़ के जनजातीय समुदाय की ओर से धन्यवाद ज्ञापित करते हुए कहा कि इससे छत्तीसगढ़ के जनजातीय समुदाय भी लाभान्वित होंगे और उनके जीवन में नया बदलाव आएगा।

मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्कर्ष अभियान के माध्यम से 80 हजार करोड़ रुपए का प्रावधान कर 65 हजार से ज्यादा गाँव और 5 करोड़ से अधिक जनजातीय लोगों के कल्याण के लिए कदम बढ़ाया है। इससे छत्तीसगढ़ के 32 जिलों के 138 विकासखण्ड़ों में स्थित 6691 गाँवों में रहने वाली 47 लाख की आबादी को लाभ मिलेगा।



### 192 करोड़ रुपए के विकास कार्यों का लोकार्पण एवं शिलान्यास

मुख्यमंत्री ने बलरामपुर-रामानुजगंज के राजपुर में आयोजित कार्यक्रम में 192 करोड़ रुपए से अधिक की लागत वाले विकास एवं निर्माण कार्यों का शिलान्यास एवं लोकार्पण किया। इस मौके पर उन्होंने हितग्राहियों को पीएम आवास की चाबी, श्रम पंजीयन कार्ड अंतर्गत हितग्राहियों को चेक, वन अधिकार पट्टा, आपदा पीड़ितों को सहायता राशि, टीबी मुक्त घोषित 3 ग्रामों को प्रमाण पत्र, ट्रैक्टर, पशुधन विकास विभाग अंतर्गत दो हितग्राहियों को चेक प्रदान किया गया।

**राजपुर में लिंक कोर्ट सहित कई घोषणाएं :** मुख्यमंत्री श्री साय ने सांसद एवं विधायकगणों के आग्रह पर बलरामपुर-रामानुजगंज जिले के लिए अनेक विकास कार्यों की घोषणा की। उन्होंने नरसिंहपुर से मरकाडाड़ के मध्य महान नदी में पुल निर्माण, हायर सेकंडरी स्कूल राजपुर के लिए नवीन भवन का निर्माण, राजपुर ब्लॉक में उफिया में चन्दर मुसखोर नाला में पुलिया निर्माण तथा राजपुर में अपर कलेक्टर लिंक कोर्ट प्रारंभ करने की घोषणा की।

**बिलासपुर-सरगुजा संभाग में कर्मा महोत्सव :** मुख्यमंत्री ने क्षेत्र में पंडो जनजाति की बहुलता को देखते हुए पंडो जनजाति के लिए 50-50 सीटर बालक-बालिका छात्रावास निर्माण की घोषणा की और बिलासपुर और सरगुजा संभाग में प्रतिवर्ष कर्मा महोत्सव का आयोजन कराए जाने की घोषणा की।

उन्होंने कहा कि आज छत्तीसगढ़ और जशपुर जिले के लिए गौरव का दिन है कि जशपुर जिले के बगीचा ब्लॉक की आदिवासी महिला मानकुंवर बाई को प्रधानमंत्री ने बातचीत के लिए अपने कार्यक्रम में आमंत्रित किया है।

मुख्यमंत्री साय ने कहा कि प्रधानमंत्री ने 15 अगस्त 2014 को स्वच्छ भारत मिशन की घोषणा की और घर-घर शौचालय निर्माण कराया। उन्होंने इसे महिलाओं के सम्मान से जोड़ा। इन शौचालयों को कई राज्यों में इज्जत घर के रुप में जाना जाता है। देश के पूर्व प्रधानमंत्री श्री अटल विहारी बाजपेयी ने जनजातीय समाज के विकास के लिए अलग राज्य का निर्माण किया और अलग से जनजाति मंत्रालय का गठन और अनुसूचित जनजाति आयोग का गठन किया। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने हम सभी स्वच्छता ही सेवा पखवाड़ा के माध्यम से 17 सितंबर से 2 अक्टूबर तक अभियान से जुड़े रहे। उन्होंने लोगों से स्वच्छता को आदत में शामिल करने की अपील की और कहा कि हमें अपने आसपास वातावरण को भी स्वच्छ रखना चाहिए।

## प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने झारखंड में 83,000 करोड़ रुपये से अधिक की विकास परियोजनाओं का किया उद्घाटन

**स्वच्छ भारत मिशन इस सदी का दुनिया का सबसे बड़ा और सबसे सफल आंदोलन : प्रधानमंत्री**

**हजारीबाग (एएनआई)।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बुधवार दोपहर झारखंड के हजारीबाग में 83,300 करोड़ रुपये से अधिक की विभिन्न परियोजनाओं का शिलान्यास, उद्घाटन और शुभारंभ किया। यह यात्रा 17 दिनों में दूसरी बार है जब पीएम मोदी झारखंड में होंगे, 15 सितंबर को उनकी पिछली यात्रा जमशेदपुर की थी। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भाजपा के आधिकारिक हैंडल पर पोस्ट किया और पोस्ट किया, आज एक बार फिर मुझे झारखंड की विकास यात्रा में भागीदार बनने का सौभाग्य प्राप्त हो रहा है। मैं कुछ दिन पहले जमशेदपुर आया था। जमशेदपुर से मैंने झारखंड के लिए सैकड़ों करोड़ रुपये की विकास परियोजनाओं का शुभारंभ किया।




प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने नई दिल्ली में राजघाट पर महात्मा गांधी की 155वीं जयंती पर उन्हें पुष्पांजलि अर्पित की।

पीएम आवास योजना के तहत झारखंड के हजारों गरीबों को अपना पक्का घर मिला। और अब, कुछ दिनों के भीतर, आज झारखंड में 80 हजार करोड़ रुपये से अधिक की विकास परियोजनाओं का शिलान्यास और उद्घाटन किया गया है। ये योजनाएं आदिवासी समाज के कल्याण और उत्थान से जुड़ी हैं, पोस्ट में कहा गया है। आदिवासी समुदायों के लिए शैक्षिक बुनियादी ढांचे को बढ़ावा देने के लिए, प्रधान मंत्री ने 40 एकलव्य मॉडल आवासीय विद्यालयों (ईएमआरएस) का उद्घाटन किया और 2,800 करोड़ रुपये से अधिक की लागत वाले 25 ईएमआरएस की आधारशिला रखी।

## छत्तीसगढ़ में खादी वस्त्रों की खरीद पर मिलेगी 25 प्रतिशत की बड़ी छूट

**मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने गांधी जयंती के अवसर पर की बड़ी घोषणा**

**रायपुर (विश्व परिवार)।** छत्तीसगढ़ में खादी वस्त्रों की खरीद पर 25त्न की बड़ी छूट मिलेगी। मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय ने आज गांधी जयंती के अवसर पर यह बड़ी घोषणा की। मुख्यमंत्री रायपुर के पं. दीनदयाल उपाध्याय ऑडिटोरियम में आयोजित खादी एवं ग्रामोद्योग विभाग की प्रदर्शनी का अवलोकन करने के बाद पत्रकार वार्ता को संबोधित कर रहे थे। मुख्यमंत्री ने इस दौरान स्थानीय बुनकरों द्वारा तैयार गोदना आर्ट वाली कोसा की साड़ी भी खरीदी। मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा की 02 अक्टूबर से लेकर 31 मार्च 2025 तक खादी वस्त्रों की खरीद पर प्रदेशवासियों को 25 प्रतिशत की बड़ी छूट मिली मिलेगी। उन्होंने प्रदेशवासियों से खादी वस्त्र खरीदने की अपील की और छूट का लाभ लेने को कहा। श्री साय ने कहा कि बुनकर-कलाकार बहुत मेहनत से खादी वस्त्र तैयार करते हैं और उस पर तरह-तरह की कलाकृतियां भी उकेरते हैं। कई मायनों में यह हमें अपनी संस्कृति से भी जोड़े रखता है। उन्होंने कहा कि देश में खादी वस्त्रों के उपयोग की लंबी परंपरा रही है। आजादी की लड़ाई के दौर में हमें खादी वस्त्रों के उपयोग का जिक्र मिलता है। कारीगर बहुत मेहनत से इन वस्त्रों को तैयार करते हैं और गांधी जयंती के खास मौके पर आप सभी के लिए यह बड़ी छूट की घोषणा हुई है, आप सभी इसका लाभ उठाएं।



## एनटीपीसी नवा रायपुर : स्वच्छ भारत दिवस के अवसर पर अनेक कार्यक्रम आयोजित

**रायपुर (विश्व परिवार)।** स्वच्छ भारत अभियान के एक दशक पूरे होने के उपलक्ष्य में एनटीपीसी नवा रायपुर ने सेक्टर 25 स्थित राखी गांव में सामूहिक स्वच्छता अभियान चलाया और डस्टबिन भी बांटे। इस अवसर का मुख्य आकर्षण एनटीपीसी नवा रायपुर की अर्पिता महिला समिति की सदस्यों द्वारा प्रस्तुत नुक्कड़ नाटक रहा। जागरूकता पैदा करने के उद्देश्य से स्वच्छता पर आधारित नुक्कड़ नाटक ने दर्शकों का मन मोह लिया। इसके बाद एनटीपीसी के कर्मचारी और उनके परिवार के सदस्यों के अलावा ग्रामीणों भी गांव के मिनी स्टेडियम और बाजार में आयोजित महा स्वच्छता अभियान में शामिल हुए। सभी प्रतिभागियों ने झाड़ू लगाने के अलावा कचरा एकत्रित किया और झाड़ियों की सफाई की।






इस अवसर पर बोलते हुए क्षेत्रीय कार्यकारी निदेशक (डब्ल्यूआर-II, यूएसएससी और ऐश एनआई) श्री पीके मिश्रा ने सभी से महात्मा गांधी की विरासत का अनुसरण करने को कहा। श्री मिश्रा ने कहा कि इस विशेष दिन (गांधी जयंती) पर आइए हम महात्मा गांधी की विरासत का सम्मान करें और स्वच्छता के उनके सिद्धांत का पालन करें। उन्होंने कहा कि नुक्कड़ नाटक और मेगा स्वच्छता अभियान में एनटीपीसी और राखी गांव की बड़े पैमाने पर भागीदारी सभी को प्लास्टिक और कचरे से मुक्त स्वच्छ वातावरण बनाने के लिए प्रेरित करेगी।

इस कार्यक्रम में श्रीमती गायत्री साहू, सरपंच, राखी गांव, नया रायपुर के अलावा पंचायत निकाय के प्रतिनिधियों तथा ग्रामवासियों ने भी भाग लिया। श्री यू एच गोखे, कार्यकारी निदेशक (यूएसएससी सीपीजी); श्रीमती आयशा मिश्रा, अध्यक्ष, अर्पिता महिला समिति और एनटीपीसी के अन्य लोगों ने भी इस कार्यक्रम में भाग लिया।

17 सितंबर से 02 अक्टूबर, 2024 तक स्वच्छता ही सेवा के हिस्से के रूप में आयोजित इस पखवाड़े के दौरान, एनटीपीसी में जागरूकता पैदा करने के लिए कई गतिविधियों का आयोजन किया गया। इस वर्ष की थीम, 'स्वभाव स्वच्छता, संस्कार स्वच्छता', स्वच्छता और पर्यावरण कल्याण के महत्व पर जोर देती है।

इससे पहले एनटीपीसी नवा रायपुर कार्यालय में आयोजित एक समारोह में श्री मिश्रा ने अन्य वरिष्ठ अधिकारियों के साथ महात्मा गांधी की 155वीं जयंती के अवसर पर माल्यार्पण किया।

## छत्तीसगढ़ न्याय यात्रा का समापन, कांग्रेसियों ने बीजेपी सरकार पर जमकर साधा निशाना




**रायपुर (विश्व परिवार)।** छत्तीसगढ़ कांग्रेस ने गिरौदपुरी से रायपुर तक न्याय यात्रा निकाली। ज्ञात हो की यह यात्रा 27 सितंबर से शुरु हुई जिसका समापन विगत 2 अक्टूबर गांधी जयंती के दिन रायपुर में हुआ.जिसमें प्रदेश प्रभारी सचिन पायलट ने भी शिरकत की.इस दौरान कांग्रेस प्रदेशाध्यक्ष दीपक बैज, कांग्रेस सांसद ज्योत्सना महंत, पूर्व सीएम भूपेश बघेल, पूर्व डिप्टी सीएम टीएस सिंहदेव समेत पूर्व प्रदेशाध्यक्ष मोहन मरकाम ने भी शिरकत की। ज्ञात हो की कांग्रेस ने भाजपा सरकार पर कानून व्यवस्था बनाए रखने और बढ़ती आपराधिक घटनाओं को रोकने में विफल होने का आरोप लगाया है। इसे लेकर राज्य के बलौदाबाजार जिले से कांग्रेस ने 'न्याय यात्रा' की शुरुआत की की थी।

छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष दीपक बैज के नेतृत्व में यह यात्रा राज्य में सतनामी समाज के आस्था के केंद्र गिरौदपुरी से शुरू की गई थी, जिसका समापन रायपुर में हुआ। विगत बुधवार सुबह सड्डू से पदयात्रा की शुरुआत हुई.इसके बाद घड़ी चौक होते हुई ये यात्रा गांधी मैदान पहुंची। कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष दीपक बैज ने कहा कि उन्होंने गिरोधपुरी से यह पदयात्रा शुरू की थी.पदयात्रा को लोगों का अच्छा रिस्पांस मिल रहा है। समापन कार्यक्रम में एक आमसभा का आयोजन किया गया था, जिसमे कांग्रेस के दिगज नेताओं के साथ कार्यकर्ता भी शामिल हुए।

यात्रा के समापन में शामिल होने पहुंचे प्रदेश प्रभारी सचिन पायलट ने कहा कि इस बीजेपी सरकार को सत्ता में आए 9-10 महीने हो गए हैं, लेकिन छत्तीसगढ़ के हालात को देखते हुए हमें सरकार को जगाने के लिए न्याय यात्रा निकालनी पड़ रही है। इस सरकार ने बहुत जल्दी अपनी विश्वसनीयता खो दी है। सरकार महिलाओं पर हो रहे अत्याचारों पर ध्यान नहीं दे रही है बल्कि विपक्ष की आवाज को दबाने की पूरी कोशिश कर रही है। बलौदा बाजार में जो हुआ, बढ़ती नक्सली घटनाओं पर सरकार ध्यान नहीं दे रही है। हमारा उद्देश्य है कि इस न्याय यात्रा के जरिए सरकार सजग हो जाए। यह सरकार दिल्ली से चल रही है, रायपुर से सरकार चलाने वाला कोई नहीं है। इधर, मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने न्याय यात्रा पर कटाक्ष करते हुए कहा कि कांग्रेस को तो क्षमा यात्रा निकालनी चाहिए। विधानसभा चुनाव 2018 के पहले जो वादे कांग्रेस पार्टी ने छत्तीगढ़ की जनता से किए थे, उनमें से उन्होंने एक भी वादा पूरा नहीं किया। इसके जवाब में उन्हें 2023 के विधानसभा चुनाव में जनता ने आउट कर दिया। पांच साल उन्होंने छत्तीसगढ़ के विकास को रोका, जनता के साथ जो विश्वासघात किया, उसके लिए उन्हें क्षमा यात्रा निकालनी चाहिए।

इस यात्रा को संबोधित करते हुए कांग्रेस के प्रभारी महासचिव सचिन पायलट ने संबोधित करते हुए पीसीसी चीफ दीपक बैज को यात्रा के लिए बधाई दी। यात्रा ने सरकार की नाकामियों को रेखांकित किया, हमें शौंक नहीं था, हमने मजबूरी में यात्रा निकाली. 10 माह में क्रमबद्ध तरीके से प्रदेश में अपराध की घटनाएं हुई. सरकार कानून व्यवस्था की स्थिति संभालने में नाकाम रही।




## संक्षिप्त समाचार

### महात्मा गांधी की जयंती के अवसर पर मंडल रेल प्रबंधक कार्यालय में श्रद्धा सुमन अर्पित किए गए




**रायपुर (विश्व परिवार)।** दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे रायपुर रेल मंडल में 02 अक्टूबर, 2024 को महात्मा गांधी जयंती का उत्सव के रूप में मनाया गया राष्ट्रपिता महात्मा गांधी को श्रद्धा सुमन अर्पित किए गए मंडल रेल प्रबंधक श्री संजीव कुमार सहित रायपुर रेल मंडल के अधिकारियों कर्मचारियों ने महात्मा गांधी जयंती पर माल्यार्पण कर श्रद्धा सुमन अर्पित कर महात्मा गांधी जी को याद किया।

### गांधी जयंती पर चलाया स्वच्छता अभियान, स्वच्छता ही सेवा का लिया संकल्प



**आरंग (विश्व परिवार)।** बुधवार को गांधी जयंती के अवसर पर स्वच्छता ही सेवा है के तहत् नगर के स्वयंसेवी संगठन पीपला वेलफेयर फाउंडेशन के सदस्यों ने प्रातः नगर के मुक्तिधाम में स्वच्छता अभियान चलाकर स्वच्छता का संदेश दिया। साथ ही हाई स्कूल मैदान में रोपित पेड़ पौधों को सुरक्षित किया। ज्ञात हो कि यह संगठन प्रति वर्ष 2 अक्टूबर को स्वच्छता अभियान चलाकर लोगों को स्वच्छता के लिए प्रेरित व प्रोत्साहित करते हैं। साथ ही सितंबर में स्वच्छता ही सेवा है पखवाड़ा पर आनलाइन क्वीज प्रतियोगिता के माध्यम से जन जागरण अभियान चलाया। स्वच्छता अभियान में फाउंडेशन के अध्यक्ष दूजेराम धीवर, संयोजक महेन्द्र कुमार पटेल, कोषाध्यक्ष कोमल लाखोटी, सचिव अभिमन्यु साहू, सह सचिव संजय मेश्राम, सक्रिय सदस्य रमेश देवांगन, मोहन सोनकर सियाराम सोनकर, दुर्गेश निर्मलकर, राकेश जलक्षत्री, भागवत जलक्षत्री, दिना सोनकर, प्रतीक टोंड्रे आदि ने बढ़-चढ़कर भाग लिया।

### शिक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने पर डॉक्टरेट की मानद उपाधि से सम्मानित

**रायपुर (विश्व परिवार)।** रायपुर कॉन्वेंट उ.मा. विद्यालय, संतोषी नगर खमतराई के सचिव राहुल कसार, निवासी सत्ती बाजार को



अमेरिका की वर्ल्ड पिस ऑफ युनाइटेड नेशंस युनीवर्सिटी के द्वारा शिक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने पर डॉक्टरेट की मानद उपाधि से सम्मानित किया गया। विश्वविद्यालय के नई दिल्ली स्थित पर आयोजित सम्मान समारोह में केन्द्र की चीफ एक्जीक्यूटीव ऑफिसर कविता बजाज ने कुलपति से हस्ताक्षर युक्त मानद उपाधि, डॉक्टरेट इन एजुकेशन, प्रमाण पत्र, अंग वस्त्र तथा प्रतीक चिन्ह प्रदान कर सम्मानित किया गया। अपने सम्बोधन में श्रीमति बजाज ने कहा कि राहुल कसार को डॉक्टरेट की मानद उपाधि उनके द्वारा शोध कार्यो एवं विभिन्न कार्यक्रमो में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने तथा एक उत्कृष्ट विद्यालय प्रबंधक व शिक्षक के रूप में पच्चीस वर्षों का अनुभव रखने के कारण प्रदान की गई। इसके अलावा राहुल कसार को वर्ल्ड ह्यूमेन राइट्स प्रोटेक्शन कमीशन की राष्ट्रीय स्थायी सदस्यता भी प्रदान की गयी हैं। उक्त दोनो प्रमाण पत्र यूनिवर्सिटी के होटल अशोका डिप्लोमैटिक एन्क्लेव, चाणक्यपुरी, नई दिल्ली में प्रदान की गई जिसमें श्री सहनवाज हुसैन भारत के पूर्व वस्त्र मंत्री, शिल्पा शेट्टी कुंद्रा बॉलीवुड अभिनेत्री नेहा राठी व नरसिंह यादव (भारतीय पहलवान) प्रमुख हस्तियों द्वारा सम्मानित किया गया।

### जम्मू-कश्मीर चुनाव : किश्तवाड़ जिले में सबसे ज्यादा वोटिंग, श्रीनगर में सबसे कम

**नई दिल्ली (आरएनएस)।** केंद्र शासित प्रदेश जम्मू-कश्मीर में विधानसभा की 90 सीटों के लिए तीनों चरणों का मतदान संपन्न हो चुका है। सभी चरणों को मिलाकर देखा जाए तो किश्तवाड़ जिले में सबसे ज्यादा 80.20 प्रतिशत मतदान हुआ। वहीं, श्रीनगर में सबसे कम 30.08 प्रतिशत मतदान हुआ। इसके अलावा 50 प्रतिशत से कम मतदान वाला दूसरा जिला पुलवामा रहा, जहां 46.99 फीसदी वोट पड़े। भारतीय निर्वाचन आयोग से प्राप्त जानकारी के अनुसार, जम्मू-कश्मीर के 20 जिलों में से 10 में 70 प्रतिशत से अधिक मतदान हुआ। उधमपुर जिले में 76.09 प्रतिशत, सांबा में 75.88 प्रतिशत, रियासी में 74.68 प्रतिशत, पुंछ में 74.37 प्रतिशत, कठुआ में 73.34 प्रतिशत, जम्मू में 71.40 प्रतिशत, डोडा में 71.32 प्रतिशत, राजौरी में 71.13 प्रतिशत और रामबन जिले में 70.57 प्रतिशत वोटिंग हुई। वहीं, बांदीपोर जिले में 67.68 फीसदी, कुपवाड़ा में 66.79 फीसदी, बडगाम में 63.28 फीसदी, कुलगाम में 63.14 फीसदी, गांदेरबल में 62.83 फीसदी, बारामूला में 61.03 फीसदी, अनंतनाग में 57.90 फीसदी और शोपियां जिले में 57.01 फीसदी मतदाताओं ने वोट डाले। विधानसभा क्षेत्रों की बात की जाए तो तीनों चरणों को मिलाकर पांच ऐसी सीटें रही, जहां 80 फीसदी से अधिक मतदान हुआ है। पहले चरण में इंदरवाल में 82.16 प्रतिशत और पद्देर-नागसेनी में 80.67 प्रतिशत मतदान हुआ। दूसरे चरण में श्री माता वैष्णो देवी सीट पर 80.45 प्रतिशत वोट डाले गये। तीसरे चरण में मार्ह (एससी) विधानसभा सीट पर 81.47 फीसदी और छम्ब सीट पर 80.34 फीसदी मतदान हुआ। चुनाव आयोग के अनुसार, 18 सितंबर को 24 विधानसभा सीटों के लिए पहले चरण में 61.38 प्रतिशत मतदान हुआ। दूसरे चरण में 25 सितंबर को 57.31 प्रतिशत मतदान हुआ। इस चरण में 26 विधानसभा सीटों के लिए वोट डाले गए। अंतिम चरण में 1 अक्टूबर को 69.65 फीसदी मतदान हुआ। इसमें 40 विधानसभा सीटों के लिए मतदान हुआ। मतगणना 8 अक्टूबर को होगी।

### श्रीमती हरजीत कौर सेहमी का निधन

**रायपुर (विश्व परिवार)।** न्यू राजेन्द्रनगर (बजाज कालोनी, सेक्टर 01)



दिव्यान स्कूल के पास निवासी, श्रीमती हजीत कौर सेहमी (75) का आज निधन हो गया है। उनका अंतिम संस्कार काली माता श्मशान गृह न्यू राजेन्द्रनगर में आज दिनांक 3 अक्टूबर 2024 को प्रातः 11.30 बजे किया जाएगा। वे सरदार जागीर सिंह सेहमी की पत्नी और प्रकाश सिंह (गोलू) व स्व. तजिन्दर सिंह सेहमी की माताजी तथा श्रीमती मंजीत कौर की सास थी।

## मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने महात्मा गांधी जी की प्रतिमा पर किया माल्यार्पण

### स्वच्छता अभियान कार्यक्रम में हुए शामिल





**रायपुर (विश्व परिवार)।** मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय ने आज सदर बाजार, आजाद चौक रायपुर स्थित राष्ट्रपिता महात्मा गांधी जी की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। इस अवसर पर उन्होंने महात्मा गांधी जी के सिद्धांतों और उनके आदर्शों को याद करते हुए स्वच्छता के प्रति उनकी प्रतिबद्धता पर प्रकाश डाला। मुख्यमंत्री श्री साय ने स्वच्छता अभियान में बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया और नागरिकों को स्वच्छता का संकल्प दिलाया। इस दौरान स्वच्छता संबंधी गतिविधियों में भाग लेते हुए उन्होंने उपस्थित जनप्रतिनिधियों के साथ झाड़ू भी लगाई। इस अवसर पर वन मंत्री श्री केदार कश्यप, लोकसभा सांसद श्री बृजमोहन अग्रवाल, विधायक श्री राजेश मूणत सहित अन्य जनप्रनिधि उपस्थित रहे।

## स्वच्छता अभियान राज्य में जनआंदोलन का लिया रूप : मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय

**छत्तीसगढ़ को सुंदर एवं स्वच्छ बनाना हम सभी का नैतिक कर्तव्य : मुख्यमंत्री**



**रायपुर (विश्व परिवार)।** पंडित दीनदयाल उपाध्याय ऑडिटोरियम में आयोजित स्वच्छता ही सेवा कार्यक्रम में मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय ने कहा कि पूरे देश में स्वच्छता ही सेवा पखवाड़ा मनाया जा रहा है। भगवान विश्वकर्मा जयंती और प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के जन्मदिन 17 सितम्बर से महात्मा गांधी की जयंती 2 अक्टूबर तक स्वच्छता ही सेवा पखवाड़ा कार्यक्रम का आयोजन हुआ। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने स्वच्छता को प्रोत्साहित करने हेतु 15 अगस्त 2014 को लाल किले की प्राचीर से सभी को स्वच्छता का संकल्प दिलाया था। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री के आव्हान और स्वच्छता अभियान से हम सभी को गली-चौराहे, मोहल्ले, स्कूल, कार्यालय, सार्वजनिक स्थलों को स्वच्छ रखने के लिए प्रेरणा मिली। स्वच्छता अभियान ने पूरे प्रदेश में जनआंदोलन का स्वरूप ले लिया है। छत्तीसगढ़ को सुंदर एवं स्वच्छ बनाना हम सभी का नैतिक कर्तव्य है। मुख्यमंत्री ने आगे कहा कि स्वच्छता को हम सभी को अपनी आदत में शामिल करने की जरूरत है। उन्होंने लोगों से छत्तीसगढ़ को सुंदर एवं स्वच्छ छत्तीसगढ़ बनाने का संकल्प लेने का आव्हान करते हुए ऑडिटोरियम में उपस्थित सभी को स्वच्छता की शपथ दिलायी। उन्होंने कहा कि राष्ट्रपति महात्मा गांधी ने कहा था कि स्वतंत्रता के साथ ही स्वच्छता भी जरूरी है। बापू के सपने को प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने हाथ में झाड़ू पकड़कर शुरूआत की।

## महात्मा गांधी जयंती पर स्वच्छता पखवाड़े का हुआ समापन, मनाई गई गांधी जयंती




**बलौदाबाजार (विश्व परिवार)।** शासकीय मिनीमाता कन्या महाविद्यालय में शासन के निर्देशानुसार स्वच्छता ही सेवा पखवाड़े का आयोजन कर आज 2 अक्टूबर को गांधी जयंती पर समापन हुआ। 17 सितम्बर से 1 अक्टूबर तक स्वच्छता पखवाड़े में महाविद्यालय परिसर, नगर पालिका के उद्यान, नगरपालिका कार्यालय परिसर, विवेकानंद सरोवर का पाथवे की सफाई के अलावा महाविद्यालय की रासेयो इकाई द्वारा लिए गए गोदग्राम भरसेला में जाकर स्वच्छता अभियान चलाकर गांव में स्वच्छता के प्रति जागरूकता का प्रचार किया।

आज महाविद्यालय में गांधी शास्त्री जयंती बड़े ही उत्साह व देशभक्ति की भावना के साथ मनाई गई। इस अवसर पर रंगोली प्रतियोगिता, गांधी जी के जीवन पर आधारित नाटक, पोस्टर प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। अजीम प्रेमजी फाउंडेशन के सौजन्य से प्रोजेक्टर के माध्यम से गांधी के जीवन पर आधरित प्रसंग दिखलाये। प्राचार्य डॉ कल्पना उपाध्याय, डॉ सुनीता त्यागी व रोशनी लता राकेश ने गांधी के आदर्शों पर चलने की प्रेरणा अपनी अभिव्यक्ति में दी। कार्यक्रम का शुभारंभ गांधी जी व विवेकानंद के चित्र पर माल्यार्पण से हुआ। कार्यक्रम में लगभग 150 छात्राएं उपस्थित थीं। इस अवसर पर महाविद्यालय के सहायक प्राध्यापक डॉ विद्या पांडेय, सुलेखा राउत, सूर्यकांत साहू, संजय बघेल, तुलाराम साहू, सुषमा दीवान, व समस्त कर्मचारी उपस्थित थे।

## छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर ट्रांसमिशन कंपनी से स्टाफ आफिसर सहित 8 कर्मचारियों की भावभीनी विदाई



**रायपुर (विश्व परिवार)।** छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर कंपनी के सेवाभवन में ट्रांसमिशन कंपनी के 8 अधिकारियों-कर्मचारियों को प्रबंध निदेशक (ट्रांसमिशन) श्री राजेश कुमार शुक्ला द्वारा प्रशस्ति पत्र, घड़ी, शॉल एवं श्रीफल से सम्मानित कर भावभीनी विदाई दी गई।

इस अवसर पर एम.डी. ट्रांसमिशन कार्यालय में पदस्थ स्टॉफ ऑफिसर श्री प्रभाकर राव नाडीकट्ला सहित अन्य कार्यालयों में पदस्थ अनुभाग अधिकारी श्री मनोहर प्रसाद साहू, श्री पन्ना लाल साहू, कनिष्ठ पर्यवेक्षक श्री दिनेश कुमार गंगराले, राजनांदगांव से वरिष्ठ पर्यवेक्षक श्री उदल सिंह शोरी, भिलाई से लाईन सहायक श्री पढ़रीनाथ राणे, श्री डी. राजू देवांगन, श्री बाला प्रसाद कुशवाहा को सेवानिवृत्ति पश्चात् विदाई समारोह में सम्मानित कर उनके उज्जवल भविष्य की कामना की गई। कार्यक्रम में कार्यपालक निदेशक श्री के.एस. मनोठिया, श्री एम.एस.चौहान, मुख्य अभियंता श्री जी.आनंद राव, अतिरिक्त मुख्य अभियंता श्री के.बी. पात्रे, अतिरिक्त महाप्रबंधक (वित्त) श्री मुकेश कश्यप एवं श्री अजय शर्मा, अतिरिक्त महाप्रबंधक (जनसंपर्क) श्री उमेश कुमार मिश्र सहित बड़ी संख्या में अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन प्रकाशन अधिकारी श्री गोविंद पटेल तथा आभार प्रदर्शन कार्यपालन अभियंता श्री राजेश सिंह द्वारा किया गया। पॉवर ट्रांसमिशन कंपनी के मानव संसाधन विभाग द्वारा पृथक से आयोजित कार्यक्रम में स्टॉफ ऑफिसर श्री प्रभाकर राव नाडीकट्ला को विदाई दी गई। इस अवसर पर अतिरिक्त मुख्य अभियंता श्री विनोद अग्रवाल, अतिरिक्त महाप्रबंधक (जनसंपर्क) श्री उमेश कुमार मिश्र, विंग कमाण्डर श्री ए.श्रीनिवास राव, उपमहाप्रबंधक श्री पंकज सिंह सहित बड़ी संख्या में अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन सहायक प्रकाशन अधिकारी श्रीमती अनामिका मण्डावी ने किया।

## श्री रावतपुरा सरकार यूनिवर्सिटी में गांधी जयंती के उपलक्ष में स्वच्छता ही सेवा अभियान चलाया गया

### विद्यार्थियों ने सक्रिय रूप से स्वच्छता अभियान में भाग लिया एवं स्वच्छता का संदेश दिया



**रायपुर (विश्व परिवार)।** महात्मा गांधी जी ने सदैव स्वच्छता को प्राथमिकता दी है और उनके विचारों को इस अभियान में शामिल किया गया। इसलिए श्री रावतपुरा सरकार यूनिवर्सिटी परिसर में गांधी जयंती पर स्वच्छता अभियान स्वच्छता ही सेवा चलाया गया जिसमें नोडल अधिकारी डॉ. सत्यज तिवारी, एनसीसी कॉर्डिनेटर राजेंद्र पटेल, डॉ. अंजलि यादव सहायक प्राध्यापक के साथ-साथ डीन डॉ. अभिषेक श्रीवास्तव, डॉ. यदु, श्री गौरव शर्मा, श्री दुशयंत और यूनिवर्सिटी के विद्यार्थी भी शामिल हुए। इस अवसर पर गांधी जी के आदर्शों को अपनाने का संकल्प लिया गया।

डॉ. सत्यज तिवारी ने कहा कि स्वच्छता हमारे जीवन का एक महत्वपूर्ण हिस्सा है, और हमें इसके लिए सदेव सजक रहना चाहिए। राजेंद्र पटेल ने कहा कि गांधी जी के आदर्शों को अपनाने से हम एक बेहतर समाज बना सकते हैं। इस अभियान में विद्यार्थियों ने सक्रिय रूप से भाग लिया और यूनिवर्सिटी कैंपस की स्वच्छता के लिए कार्य किया। डॉ. अंजलि यादव ने कहा कि छात्रों की भागीदारी से हमें उम्मीद है कि हम एक स्वच्छ और हरित कैंपस बना सकते हैं। इस अवसर पर डीन डॉ. अभिषेक श्रीवास्तव, ने कहा कि गांधी जी के आदर्शों को अपनाने से हम एक बेहतर भविष्य बना सकते हैं। डॉ. यादव ने कहा कि स्वच्छता हमारे जीवन का एक महत्वपूर्ण हिस्सा है, और हमें इसके लिए काम करना चाहिए। इस अभियान के माध्यम से श्री रावतपुरा सरकार यूनिवर्सिटी ने गांधी जी के आदर्शों को अपनाने का संकल्प लेकर यह उम्मीद सबसे बनाई है की हम एक बेहतर समाज बना सकते हैं। एस.आर.यू के कुलसचिव डॉ सौरभ कुमार शर्मा, माननीय कुलपति प्रो. एस के सिंह और प्रति - कुलाधिपति श्री हर्ष गौतम ने स्वच्छता अभियान की सराहना की और महात्मा गांधी के विचारों के साथ अग्रसर रहने को कहा।

## एम्स रायपुर ने 'स्वच्छता ही सेवा (एसएचएस) 2024' अभियान का सफलता पूर्वक समापन किया




**रायपुर (विश्व परिवार)।** एम्स रायपुर ने 17 सितंबर से 2 अक्टूबर 2024 तक 'स्वच्छता ही सेवा (एसएचएस) 2024' अभियान का आयोजन किया, जिसका विषय 'स्वभाव स्वच्छता -संस्कार स्वच्छता' था। इस अभियान का उद्देश्य अस्पताल परिसर और आसपास के समुदाय में स्वच्छता, प्रभावी कचरा प्रबंधन और अच्छी स्वच्छता प्रथाओं को बढ़ावा देना था।

इस अभियान का उद्घाटन 17 सितंबर को प्रोफेसर (डॉ.) रेनू राजगुरु, मेडिकल सुपरिटेंडेंट, द्वारा किया गया, जिन्होंने एम्स के स्टाफ और फैकल्टी को स्वच्छता की शपथ दिलाई। कार्यक्रम के नोडल अधिकारी, डॉ. मृत्युंजय.राठौर ने स्वच्छता ही सेवा गतिविधियों का विवरण प्रस्तुत किया, जिनमें कचरा पृथक्करण पर जन जागरूकता कार्यक्रम, सामुदायिक स्तर पर 'संपूर्ण स्वच्छता' अभियान, स्वच्छता को बढ़ावा देने के लिए वॉकथॉन, और सफाई मित्रों के लिए स्वास्थ्य जांच और टीकाकरण शिविर का आयोजन शामिल था।

अभियान में एम्स के कर्मचारियों, छात्रों और स्थानीय समुदाय के सदस्यों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। सभी की सक्रिय भागीदारी और स्वच्छता अभियान में योगदान इस पहल की सफलता के लिए महत्वपूर्ण रहे, क्योंकि उन्होंने सफाई अभियानों में भाग लिया और स्वच्छता बनाए रखने के महत्व के बारे में जागरूकता फैलाई।

एम्स रायपुर के कार्यकारी निदेशक और सीईओ, लेफ्टिनेंट जनरल (सेवानिवृत्त) अशोक जिंदल ने सभी प्रतिभागियों के प्रयासों की सराहना की और इस बात पर जोर दिया कि इस प्रकार की पहलें समाज में स्वच्छता और स्थिरता की संस्कृति को बढ़ावा देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं। उन्होंने यह भी कहा कि एम्स रायपुर अपने निरंतर प्रयासों के माध्यम से स्वच्छता और पर्यावरणीय स्थिरता के क्षेत्र में उच्च मानक स्थापित करता रहेगा। स्वच्छता ही सेवा (एसएचएस) 2024 अभियान का समापन सकारात्मक संदेश के साथ हुआ, जिसने स्वच्छ और स्वस्थ वातावरण को बढ़ावा देने की एम्स रायपुर की प्रतिबद्धता को पुनः सशक्त किया।

## दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे, रायपुर मंडल रेल प्रबंधक, संजीव कुमार ने अधिकारियों, कर्मचारियों के साथ मिलकर किया श्रमदान

**रेल मंडल में श्रमदान एवं नुक्कड़ नाटक के जरिए स्वच्छता जागरूकता संदेश**



**रायपुर (विश्व परिवार)।** भारतीय रेलवे द्वारा स्वच्छ-रेल स्वच्छ-भारत के तहत दिनांक 01 से 15 अक्टूबर' 2024 तक स्वच्छता-पखवाडा का आयोजन किया जा रहा है। रायपुर रेल मंडल में आज मंडल रेल प्रबंधक, श्री संजीव कुमार ने अधिकारियों, कर्मचारियों एवं सामाजिक संगठनों के साथ मिलकर मंडल रेल प्रबंधक कार्यालय परिसर में श्रमदान किया, रायपुर रेल मंडल के स्टेशनों में नुक्कड़ नाटक के जरिए स्वच्छता जागरूकता संदेश दिया गया। इस अवसर पर अपर मंडल रेल प्रबंधक सहित अधिकारीगण एवं कर्मचारी बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

रायपुर रेलवे स्टेशन पर स्काउट-गाइड के बच्चों द्वारा नुक्कड-नाटक की जीवंत प्रस्तुति से यात्रियों को कचरा फैलाने अथवा गंदगी के दुष्परिणामों के बारे में बताकर स्वच्छता जागरूकता का संदेश दिया गया। मंडल के सभी प्रमुख स्टेशनों एवं रेलवे कालोनियों में कालोनियों के निवासियों एवं यात्रियों को स्वच्छता जागरूकता हेतु प्रेरित किया गया। रायपुर रेल मंडल की सभी इकाइयों पीपीयार्ड, इलेक्ट्रिक लोको शेड, डीजल शेड, रायपुर रेल मंडल के रेलवे स्टेशनों पर निर्मित उद्यान, सर्कुलेटिंग एरिया, कोचिंग डिपो दुर्ग सभी में अधिकारियों कर्मचारियों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लेकर श्रमदान किया।

दिनांक 01 से 15 अक्टूबर, 2024 तक आयोजित स्वच्छता पखवाडा में रेल यात्रियों से एवं यात्रा के दौरान मेरी सीट मेरा डब्बा अभियान के अंतर्गत साफ-सफाई एवं स्वच्छता बनाए रखने का विशेष आह्वान किया जाएगा। इस स्वच्छता पखवाडा में दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे के सभी स्टेशनों तथा गाडियों में प्रत्येक दिवसों के थीम के अनुसार विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। दिनांक 01 अक्टूबर, 2024 को सामूहिक स्वच्छता शपथ और स्वच्छ जागरूकता, दिनांक 02 अक्टूबर, 2024 को महात्मा गांधी जयंती का उत्सव और स्वच्छ भारत दिवस, दिनांक 03 तथा 04 अक्टूबर, 2024 को स्वच्छ स्टेशन, दिनांक 05 तथा 06 अक्टूबर, 2024 को स्वच्छ रेल गाड़ी, दिनांक 07 अक्टूबर, 2024 को स्वच्छ पटरी, दिनांक 08 अक्टूबर, 2024 को स्वच्छ रेल परिसर (स्वच्छ कार्य स्थल एवं स्वच्छ आवासीय परिसर), दिनांक 09 तथा 10 अक्टूबर, 2024 को स्वच्छ आहार, दिनांक 11 अक्टूबर, 2024 को स्वच्छ नीर, दिनांक 12 अक्टूबर, 2024 को स्वच्छ प्रसाधन एवं स्वच्छ पर्यावरण, दिनांक 13 अक्टूबर, 2024 को स्वच्छ स्पर्धा, दिनांक 14 अक्टूबर, 2024 को नो सिंगल यूज प्लास्टिक, दिनांक 15 अक्टूबर, 2024 को समीक्षा एवं स्वच्छ जागरूकता रैली थीम पर कार्य किए जाएंगे।

## आशा देवी रेखचन्द लुनिया चेरिटेबल ट्रस्ट द्वारा विशाल स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया



**रायपुर (विश्व परिवार)।** आशा देवी रेखचन्द लुनिया चेरिटेबल ट्रस्ट के सौजन्य से विशाल स्वास्थ्य शिविर का आयोजन सैनिक मिलीट्री आईएमसी डीडीयू नगर रायपुर में किया गया जिसमें सुयश हॉस्पिटल की टीम द्वारा जनरल चेकअप बीपी शुगर की जांच एएसजीआई हास्पिटल द्वारा नेत्र जांच एवं आशा देवी रेखचन्द लुनिया चेरिटेबल ट्रस्ट द्वारा निःशुल्क चश्मा वितरण किया गया। उक्त शिविर में लगभग 550 का निःशुल्क परिक्षण किया गया एवं फिजोतरेपिस्ट डॉ अनामिका वर्मा द्वारा फिजोथेरपी एवं स्किन सम्बंधित परमर्श दिया गया। उक्त कार्यक्रम में मुख्य रूप से आशा देवी रेख चंद लुनिया चेरिटेबल ट्रस्ट के ट्रस्टी श्री सुदीप जी जैन श्रीमती सीमा जैन पीयूष जैन नीता जैन प्रफुल्ल खरे आंनद श्रीवास्तव आर के साहू गजभिये स'ए एस जी टीम से श्री शोभराम पटेल श्रीमती अंजली कुमारी वर्षा सुयश हास्पिटल से विजेंद्र दीप्ति गोयल डॉ नीलाद्रि हरीश ठाकरे संस्था प्रमुख डी पी गोस्वामी सी के साहू सर संस्था के समस्त स्टॉप अंकिता मैम शुभांगी मैम रितु तोषी मैम देव स'मुस्कान मेम रवि साहू आदि का संपूर्ण शिविर कार्यक्रम में महत्वपूर्ण योगदान रहा।

# प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग से भटगांव जल प्रदाय योजना का किया शिलान्यास

**उप मुख्यमंत्री अरुण साव बिलासपुर से नई दिल्ली और भटगांव में आयोजित कार्यक्रमों में वर्चुअली जुड़े**

**भटगांव नगर पंचायत में 56.78 करोड़ लागत की जल प्रदाय योजना का काम जल्द होगा शुरू, कार्यादेश जारी, दो साल में पूर्ण करने का है लक्ष्य**

**गोपाल सिंह विद्रोही**





**सूरजपुर ब्यूरो ( दैनिक विश्व परिवार )**- प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आज गांधी जयंती पर नई दिल्ली के विज्ञान भवन से वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से सूरजपुर जिले के भटगांव नगर पंचायत के लिए 56 करोड़ 78 लाख रुपए की लागत की जल प्रदाय योजना का शिलान्यास किया। अमृत मिशन 2.0 के तहत स्वीकृत इस जल प्रदाय योजना का काम अगले दो वर्षों में पूर्ण होगा। कार्यक्रम मे उप मुख्यमंत्री तथा नगरीय प्रशासन एवं विकास मंत्री अरुण साव, विधायक इंद्रजीत सिंह के साथ बिलासपुर जुड़े थे। उनके साथ बिलासपुर से विधायक धरमलाल कौशिक, धर्मजीत सिंह, सुशांत शुक्ला भी दोनों जगहों में आयोजित कार्यक्रमों से ऑनलाइन जुड़े। वहीं भटगांव में आयोजित कार्यक्रमों में पूर्व गृहमंत्री रामसेवक पैकरा, नगर पंचायत अध्यक्ष सूरज कुमार गुप्ता,मंत्री प्रतिनिधि ठाकुर प्रसाद राजवाड़े,बीजेपी प्रदेश मंत्री परमेश्वरी राजवाड़े, बीजेपी जिला मंत्री अशोक सिंह के साथ सभी पार्षद व जनप्रतिनिधि वर्चुअली शामिल हुए।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने अपने वर्चुअल उद्बोधन महात्मा गांधी की जयंती तथा लाल बहादुर शास्त्री जी की जयंती पर सभी को बधाई दिया और सभी देशवासियों से स्वच्छता सेवा अपने का आग्रह किया। प्रधानमंत्री मोदी ने वर्चुअली अन्य परियोजनाओं के साथ नगर पंचायत भटगांव के वाटर सप्लाई परियोजना का भी शिलान्यास किया। नगर पंचायत भटगांव के संस्कृति भवन में आयोजित कार्यक्रम तथा शिलालेख का पूर्व गृह मंत्री रामस्वरूप पर तथा नगर पंचायत अध्यक्ष सूरज कुमार गुप्ता में अनावरण ने किया।

उप मुख्यमंत्री अरुण साव ने भी भटगांव में मौजूद लोगों को वर्चुअली सम्बोधित किया। उन्होंने कहा कि इस नई जल प्रदाय योजना के प्रारंभ होने के बाद भटगांव वासियों की पेयजल की समस्या दूर होगी। महान नदी के पानी को साफ कर घरों तक पहुंचाया जाएगा। योजना के पूर्ण होने के बाद भटगांव के लोगों को राष्ट्रीय मानक के अनुरूप 135 लीटर जल प्रति व्यक्ति प्रतिदिन उपलब्ध हो सकेगा। श्री साव ने कहा कि हमने ही छत्तीसगढ़ राज्य को बनाया है और इसके विकास की जिम्मेदारी भी हमारी है। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को उच्च गुणवत्ता के साथ समय-सीमा में योजना से जुड़े सभी निर्माण कार्यों को पूर्ण करने के निर्देश दिया।

भटगांव में आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करते हुए पूर्व गृह मंत्री रामसेवक पर ने कहा कि भटगांव की यह बहुत पुरानी मांग थी यहां पर जल की समस्या थी जिसका निराकरण हमारी सरकार के द्वारा किया जा रहा है। नगर पंचायत अध्यक्ष सूरज कुमार गुप्ता ने कहा कि मैं बहुत आभारी हूं प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का तथा मुख्यमंत्री विष्णु देवसाय का जिन्होंने आज ऐतिहासिक दिन पर भटगांव में 56 करोड़ के वाटर सप्लाई परियोजना का शिलान्यास किया तथा जिसका साक्षी मुझे बनाया। सूरज कुमार गुप्ता ने कहा कि कांग्रेस सरकार के समय में इस परियोजना का आकलन कर तथा टेंडर निकला इस मंच के माध्यम से में छत्तीसगढ़ के पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल उपमुख्यमंत्री टी एस सिंह देव तथा भटगांव के पूर्व विधायक पारसनाथ राजवाड़े का भी आभार व्यक्त करना चाहूंगा जिनके प्रयासों से यह परियोजना स्वीकृत हुई थी। हमारे सब के लिए खुशी की बात है की तीन बार स्वच्छता कार्य के लिए राष्ट्रपति पुरस्कार मिल चुका है।

मंत्री प्रतिनिधि ठाकुर प्रसाद राजवाड़े में संबोधित करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री मोदी ने स्वच्छ भारत मिशन तथा शौचालय निर्माण में ऐतिहासिक काम किया है। हम सभी को अपने तन मन के साथ-साथ आसपास वातावरण को भी स्वच्छ करने की जरूरत है। कार्यक्रम को भाजपा प्रदेश मंत्री परमेश्वरी राजवाड़े तथा जिला मंत्री अशोक सिंह तथा पार्षद आशीष बाजपेई ने भी संबोधित किया। इस अवसर पर शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय भटगांव के बच्चों ने स्वच्छता संदेश का नुक्कड़ नाटक प्रस्तुत किया। नगर पंचायत की ओर से समय समय पर आयोजित स्वच्छता अभियान तथा अन्य कार्यक्रम में शामिल बच्चों को तथा स्वच्छता कर्मचारियों व दीदियों को इस अवसर पर अतिथियों द्वारा पुरस्कृत किया गया।

# सूरजपुर कलेक्टर ने गांधीजी के जन्मदिवस पर माल्यार्पण कर, स्वच्छाग्राहियों को किया सम्मानित



**सूरजपुर ब्यूरो ( दैनिक विश्व परिवार )** आज कलेक्टर रोहित व्यास ने महात्मा गांधी की जयंती पर संयुक्त जिला कार्यालय परिसर में महात्मा गांधी जी की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धा सुमन अर्पित किए। इस अवसर में संयुक्त जिला कार्यालय के अधिकारी एवं कर्मचारी तथा बड़ी संख्या में नगर पालिका सूरजपुर के सफाई कर्मचारी उपस्थित थे। इस अवसर पर कलेक्टर श्री रोहित व्यास ने स्वच्छाग्रहियो को श्रीफल, शॉल और प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया।

वही कलेक्टर रोहित व्यास एवं जिला पंचायत सीईओ श्रीमती कमलेश नंदिनी साहू के निर्देशन में आज गांधी जयंती और स्वच्छ भारत दिवस के अवसर पर जनपद पंचायत ओड़गी के एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय में स्वच्छता ही सेवा के अन्तर्गत, बच्चों को स्वच्छता संस्कार, स्वच्छता स्वभाव, एवं एक पेड़ मां के नाम, स्वच्छता शपथ, स्वच्छता श्रमदान, सामुहिक स्वच्छता श्रम दान, साफ सफाई किया गया तथा खेल कार्यक्रम भी आयोजित किया गया। जिसमें बच्चों के द्वारा कबड्डी खेल में बढ़ चढ़ कर भागीदारी लिए इस कार्यक्रम में उपस्थित यूनिसेफ से जिला समन्वय रोहित, ब्लॉक समन्वय उमेश्वर साहू, कलस्टर समन्वयक कपिल मुनि गुर्जर एवं एकलव्य स्कूल के समस्त स्टॉप उपस्थित रहे।

# वन विभाग की जमीन पर अवैध कब्जा करने की कोशिश

**कोरबा(विश्व परिवार)।** जिले के पसान रेंज अंतर्गत खोडरी व सेमरा गांव में वन विभाग की जमीन पर ग्रामीणों द्वारा कब्जा करने की कोशिश की जा रही थी, जिसे वन विभाग की टीम ने सक्रियता का परिचय देते हुए विफल कर दिया। जमीन पर अवैध अतिक्रमण की शिकायत मिलते ही वन विभाग की टीम मौके पर पहुंची और वहां ग्रामीणों द्वारा बनाए गए झोपड़ी व अन्य निर्माण को ढहा दिया। जानकारी के अनुसार पसान रेंजर रामनिवास दहायत को शिकायत मिली थी कि पसान रेंज अंतर्गत खोडरी गांव में कुंजीलाल पिता चुन्नीलाल अघरिया द्वारा गांव से दो किलोमीटर दूर जंगल में वन विभाग की जमीन पर कब्जा करने की नियत से झोपड़ी बनाया गया है और वहां रह रहा है। ग्रामीणों की ओर से मिली शिकायत को रेंजर ने गंभीरता से लेते हुए जब जांच किया तो शिकायत को सही पाया। जिस पर उन्होंने संबंधित व्यक्ति का कब्जा हटाने को कहा फिर भी नहीं माना तो वन विभाग की टीम भेजकर वहां बने झोपड़ी व अन्य निर्माण को ढहाने के साथ जमीन को मुक्त कराया। इसी प्रकार रेंज अंतर्गत सेमरा गांव के तुलसीडांड जंगल में स्थित ऑरेंज एरिया में प्लांटेशन के भीतर उरांव परिवार के कुछ लोगों द्वारा पेड़-पौधों को काटकर तीन-चार स्थानों पर झोपड़ी बना लिया था, वहां मवेशियों को बांधने के साथ रहने लगे थे। जिस पर वन विभाग की टीम ने कार्रवाई करते हुए वहां बने झोपड़ी व अन्य निर्माण को तोडने की कार्रवाई की। इस कार्रवाई में पुलिस के साथ-साथ ग्रामीणों ने वन विभाग की टीम की मदद की।

# कलेक्टर लंगेह ने जन चौपाल में सुनी लोगों की मांग एवं समस्याएं

**कलेक्टर जन चौपाल में मिले 69 आवेदन**

**महासमुंद(विश्व परिवार)।** जिला कलेक्ट्रेट में आयोजित होने वाले जन चौपाल में आज कलेक्टर विनय कुमार लंगेह ने जिले के आमजनों की मांगों एवं समस्याओं को गंभीरता पूर्वक सुनी और संबंधित विभाग के अधिकारियों को नियमानुसार निराकरण के निर्देश दिए। जनदर्शन में आज ग्रामीण और शहरी क्षेत्र के 69 आवेदकों ने मांग, समस्या एवं शिकायतों से संबंधित आवेदन प्रस्तुत किए। कलेक्टर ने सभी आवेदकों की समस्याएं बारी-बारी सुनी। आज जन चौपाल में आवेदकों ने जाति प्रमाण पत्र, नक्शा त्रुटि सुधार, अतिक्रमण हटाने, नामांतरण, भूमि व्यवस्थापन तथा अन्य समस्याओं व मांगो को लेकर आवेदन सौंपे। इनमें वार्ड नम्बर 08 नयापारा महासमुंद की अश्वनी जोशी ने खसरा एवं रकबा में ऑनलाईन सुधार के लिए, सरायपाली गाम पतेरापाली की कु. दीपा यादव ने जाति पत्र के लिए, पिथौरा किशनपुर के लालहू रावत ने वन पट्टा अधिकार प्रदान करने, बागबाहरा ग्राम दुर्गानगर के रामचंद्र कोसरे ने दिव्यांग योजना अंतर्गत बैटरी चलित ट्रायसायकल के लिए, ग्राम डुमरपाली की जमुना बाई बघेल ने कोरोना काल में मृत्यु पर सहायता राशि हेतु कलेक्टर को आवेदन सौंपे। कलेक्टर लंगेह ने संबंधित अधिकारियों को निर्धारित समय-सीमा के भीतर आवेदकों की समस्याओं का निराकरण सुनिश्चित करने कहा।

# मंत्री लक्ष्मी राजवाड़े का प्रयास शिवनंदनपुर बना नगर पंचायत

**शिवनंदनपुर के ग्राम वासियों को मुख्यमंत्री ने दी सौगात भाजपा नेताओं में खुशीयो की लहर**

**गोपाल सिंह विद्रोही**



**सूरजपुर ब्यूरो ( दैनिक विश्व परिवार )**- आज मुख्यमंत्री विष्णु देवसाय ने शिवनंदनपुर ग्राम पंचायत को नगर पंचायत बनाने की घोषणा की इस खबर से बिश्रामपुर शहर में खुशियों का माहौल है । जानकारी के अनुसार लंबे अरसे से ग्राम पंचायत शिवनंदनपुर को नगर पंचायत बनाने की कि मांग ग्राम वासी करते आ रहे है। इस मांग को महिला बाल विकास मंत्री एवं भटगांव विधानसभा क्षेत्र के विधायक लक्ष्मी राजवाड़े ने अपने समर्थको के साथ रायपुर मुख्यमंत्री के निवास पर जा कर ग्राम पंचायत को नगर पंचायत बनाने की मांग की थी जहां मुख्यमंत्री ने महिला बाल विकास मंत्री को शिवनंदनपुर को नगर पंचायत बनाने के आश्वासन दिया था ।आज प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णु देव साय का आगमन जिला मुख्यालय सूरजपुर में हुआ जहां एक महती सभा को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि भटगांव विधानसभा क्षेत्र के विधायक एवं महिला बाल विकास मंत्री लक्ष्मी रजवाड़े की इच्छा है कि शिवनंदनपुर ग्राम पंचायत को नगर पंचायत बनाया जाए हम उनके इच्छा को कद्र करते हुए आज शिवनंदनपुर को नगर पंचायत बनाने की घोषणा करता हूं इस घोषणा से भाजपाइयों में खुशी की लहर दौड़ गई ।आज भाजपा नेता ललित गोयल, कृष्ण कुमार गोयल बलू, रंजय सिंह, समीर सिंह,संजीत सिंह, मनी बग्गा ,सीती कांत स्वाई आदि भाजपा कार्यकर्ताओं ने दक्षिण मुखी हनुमान मंदिर पहुंचकर हनुमान जी को लड्डू चढ़ाई एवं मंदिर से बाहर जमकर आतिशबाजी की। इस अवसर पर इन नेताओं ने ग्राम पंचायत शिवनंदनपुर को नगर पंचायत बनाए जाने पर मुख्यमंत्री विष्णु देव साय एवं महिला बाल विकास मंत्री लक्ष्मी रजवाड़ों को धन्यवाद दिया।

# बुजुर्गों एवं महिलाओं के प्रति मान सम्मान रखना सभ्य समाज की पहचान-कलेक्टर

**वृद्धजनों के प्रति सम्मान का भाव हर व्यक्ति के सोच में आना आवश्यक**




**रायगढ़(विश्व परिवार)।** कलेक्टर कार्तिकेया गोयल की उपस्थिति में समाज कल्याण विभाग द्वारा अंतर्राष्ट्रीय वृद्ध जन दिवस के अवसर पर आशा निकेतन वृद्धाश्रम में वरिष्ठ नागरिक सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर कलेक्टर श्री गोयल ने वरिष्ठ जनों को शाल श्रीफल भेंटकर कर सम्मानित किया। कलेक्टर श्री गोयल ने कहा कि कोई भी समाज सभ्य तभी कहलाता है, जब वह अपने बुजुर्गों एवं महिलाओं के प्रति मान-सम्मान का भाव रखता है, तभी उस समाज की पहचान सभ्य समाज के रूप में होती है। विश्व भर में प्रतिवर्ष 1 अक्टूबर को अंतर्राष्ट्रीय वृद्धजन दिवस के अवसर पर वृद्ध जनों का सम्मान किया जाता है। हमें खुशी है कि हमारे देश में 700 से अधिक जिले में से एक रायगढ़ जिला भी है जहां यह कार्यक्रम आज आयोजित हो रहा है। इस आयोजन का उद्देश्य समाज के हर वर्ग, व्यक्ति में बुजुर्गो के प्रति सम्मान एवं देख भाल की भावना जागृत करना हैं। बुजुर्गो का सम्मान केवल आयोजन में न होकर हर घर में होना चाहिए। हर घर में बड़े बुजुर्ग है, उनका देख-रेख करें, मान-सम्मान करें। यह एक सामाजिक सोच एवं विचारधारा है जो हमारे ग्रंथ एवं बुजुर्गों की सीख में भी देखने को मिलता है कि हमें अपने बुजुर्गों का सम्मान करना चाहिए। किसी परिवार में केवल बुजुर्ग सदस्य हो तो उसकी देख रेख की जिम्मेदारी समाज की होती है। जिसमें शासन उनकी जिम्मेदारी लेते हुए अपनी योजनाओं के माध्यम से आर्थिक रूप से संबल प्रदान करता है। इसके साथ ही गैर शासकीय संस्थाओं का भी महत्वपूर्ण योगदान होता है, जिसका रायगढ़ बेहतर उदाहरण है। यहां गैर शासकीय संस्थाएं समाज के लिए आगे बढ़कर कार्य कर रही है। जो अन्य जिलों में बहुत कम दिखाई देता है। सफर अभी लंबा है, मंजिल अभी दूर है लेकिन हमें अपने सम्मानीय वृद्ध जनों के प्रति सम्मान का भाव हर व्यक्ति के सोच-विचार में लाना होगा। कलेक्टर श्री गोयल ने कहा कि हर व्यक्ति किसी ने किसी वृद्ध व्यक्ति के संपर्क में है और हर वृद्ध व्यक्ति को समाज सम्मान के साथ रहने का हक है। वृद्ध होने पर सबसे पहले उनके स्वास्थ्य और दूसरी वित्तीय स्थिति खराब होती है। सभी घर की जिम्मेदारी है कि बुजुर्ग व्यक्तियों का वित्तीय प्रबंध करें। साथ ही वृद्धजन अपना स्वास्थ्य का अत्यधिक ख्याल रखें, हालांकि इस उम्र में सभी आसन नहीं किए जा सकते परंतु प्राणायाम अवश्य रूप से करें ताकि आपका स्वास्थ्य बेहतर रहे। उन्होंने वृद्ध जनों को संबोधित करते हुए कहा कि आप हमारे देश की पूंजी हैं आपके पास जो अनुभव है वह महत्वपूर्ण है। पढने-लिखने से ही ज्ञान की प्राप्ति नहीं होती आपके जीवन के अनुभव का संक्षिप्त ज्ञान आने वाली पीढ़ी को अवश्य दें। इस अवसर पर एसडीएम श्री प्रवीण तिवारी, उप संचालक समाज कल्याण श्री एस.एस.पाण्डेय, डॉ.एच.एस.उरांव सहित अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहे।

## संक्षिप्त समाचार

### कलेक्टर ने महाविद्यालयों की प्राचार्यों की ली बैठक

**कोरबा(विश्व परिवार)।** मुख्यमंत्री (विभागीय मंत्री) के निर्देशानुसार विगत दिवस कलेक्टर श्री अजीत वसंत की अध्यक्षता में जिले के सभी शासकीय महाविद्यालयों के प्राचार्यों की एक बैठक आयोजित की गई। यह बैठक उच्च शिक्षा से संबंधित आधारभूत संरचना एवं गुणात्मक विकास के संबंध में आयोजित की गई।सभी महाविद्यालयों ने अपनी समस्याओं से कलेक्टर को अवगत कराया। महाविद्यालयों में मुख्य समस्या अतिरिक्त शिक्षण कक्ष की आवश्यकता, तकनीकी ज्ञान एवं राष्ट्रीय शिक्षा नीति के अनुरूप स्मार्ट क्लास, छात्रों हेतु साइकल स्टैंड, बैठक व्यवस्था हेतु फर्नीचर, विज्ञान के प्रायोगिक कार्य हेतु अधोसंरचना, नई शिक्षा नीति के अंतर्गत नवीन पाठ्यक्रम की पुस्तकें, पेय जल हेतु आरओ युक्त मशीन आदि समस्याएँप्रमुख थीं। कलेक्टर ने धैर्य से सभी महाविद्यालयों की समस्या सुनी एवं उनके त्वरित निराकरण हेतु त्वरित कार्यवाही करने का आश्वासन दिया।

### लायंस क्लब ने लगाया रक्तदान शिविर

**कोरबा(विश्व परिवार)।** लायंस क्लब बालकों द्वारा रक्तदान शिविर का आयोजन बालाजी ब्लड बैंक के साथ हॉस्पिटल बालको में किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में नगर निगम के नेता प्रतिपक्ष हितानंद अग्रवाल उपस्थित हुए एवं कार्यक्रम का शुभारंभ उनके द्वारा किया गया लायंस क्लब बालकों के ऊर्जावान अध्यक्ष लायन रितेश केडिया ने सर्वप्रथम रक्तदान देकर कार्यक्रम का शुभारंभ कराया एवं उसके बाद भारी मात्रा में लोगों ने रक्तदान किया। मानवता के इस पुण्य कार्य में लायंस क्लब बालको के प्रथम वाइस डिस्ट्रिक्ट गवर्नर क्करूछ्व्स्न लायन विजय अग्रवाल जोन चेयरपर्सन जोन 2 द्व्द्भद्ध लायन कैलाश नाथ गुप्ता क्क ष्ठ लायन राजेश त्रिपाठी वरिष्ठ ला सदस्य एवं पदाधिकारी गण ने हिस्सा लिया जरूरतमंदमरीजों को यह रक्त निशुल्क उपलब्ध कराया जाएगा इस आयोजन के लिएमुख्य अतिथि हितानंदअग्रवाल ने कार्यक्रम की प्रशंसा एवं सराहना की उन्होंने कहा रक्तदान का अपना महत्व है कई बार हॉस्पिटलों में मरीज रक्त की कमी से दम तोड़ देते हैं ब्लड बैंक में पर्याप्त मात्रा में सभी ग्रुप का ब्लड उपलब्ध रहे इसके लिए समाजसेवी संस्थानों को आगे आना चाहिए।

### शारदीय नवरात्र व गरबा महोत्सव की तैयारी

**कोरबा(विश्व परिवार)।** आगामी शारदीय नवरात्र गरबा महोत्सव का कार्यक्रम आने वाला है, जिसकी लगभग तैयारी पूरी हो चुकी है। दुर्गा महोत्सव में गरबा का आयोजन शहर और ग्रामीण क्षेत्रों में बड़े धूमधाम से किया जाता है, जहां पर हिन्दू समाज की बहनें-माताएं शामिल होती है, ऐसे मौकों पर गैर हिन्दू समुदाय के लोग जो कि नवरात्र को या माता रानी को ही नहीं मानते ऐसे लोग भी गरबा पंडालों में घुस कर हिन्दू समाज की बहनों और बेटियों के साथ छेड़छाड, लवजिहाद और व्यभिचार जैसी घटनाएं करने का षड्यंत्र करते हैं। पूर्व में ऐसी कई घटनाएं हो चुकी है, जिसके रोकथाम के लिए विश्व हिन्दू परिषद-बजरंग दल कोरबा पूर्णरुप से प्रतिबद्ध है। बजरंग दल के कार्यकर्ता सभी पंडालों में सुरक्षा की दृष्टीकोण से जांच हेतु भ्रमण करेंगे तथा गैर हिन्दू समुदाय का कोई व्यक्ति गरबा पंडालों में पाये जाने पर कार्यवाही हेतु बाध्य होंगें। विश्व हिन्दू परिषद बजरंग दल ने कोरबा पुलिस अधीक्षक को ज्ञापन सौंप कर आग्रह किया है कि अपने त्यौहारों की महत्व और पवित्रता को बनाए रखने हेतु गरबा पंडालों में गैर हिन्दूओं का प्रवेश पूर्णतः वर्जित करें, सुरक्षा व्यवस्था को मजबूत करने और उपद्रवी तत्वों के खिलाफसख्त कार्रवाई की मांग की गई है।

### पानी निकलने वाले पाईप में घुस कर बैठा था विशालकाय अजगर-2 घंटे चला रेस्क्यु

**कोरबा(विश्व परिवार)।** कोरबा जिले के पंप हाऊस कॉलोनी में एक परिवार किचन के पानी बाहर नहीं जानें से कुछ दिनों से परेशान था। नाली जाम होगी। सोचकर पाईप को निकलवाने मजदूर बुलाया गया उन्होंने जो नजारा देखा उसको देख कर उन लोगों के रोंगटे खड़े हो गए। श्री निवास का पूरा परिवार कुछ दिनों से एक समस्या से परेशान था वह समस्या थी किचन के पानी का बाहर न निकलना, सफाई के लिए आदमी बुलाया गया और पाईप को खुलवाया तभी देखा की उस पाईप के अंदर एक विशालकाय अजगर बैठा हुआ था अजगर होने की जानकारी रेस्क्यु टीम को दी गयी। जिसके बाद जितेंद्र सारथी के साथ किंग कोबरा प्रोजेक्ट के सीनियर मयंक बागची मौके स्थल पहुंचे और कॉलोनी के लोगों की मदद से पाईप को सावधानी से पहले तो तोड़ा गया फिर आखरिकार अजगर बाहर आया जो 3 बड़े चूहे खाकर अंदर दुबक गया था। उसे सुरक्षित बोरे में भर उसे सुरक्षित जंगल में छोड़ा गया।

## संपादकीय

# वन नेशन,वन इलेक्शन को औपचारिक मंजूरी

भारतीय लोकतंत्र में इस समय मुख्य चुनौती सारे चुनाव एक साथ करा देने की नहीं, बल्कि जो चुनाव होते हैं, उनकी साख कायम रखने की है। ऐसी कई समस्याएं बढ़ती गई हैं, जिनकी वजह से भारतीय चुनावों पर गंभीर प्रश्न उठ रहे हैं। केंद्रीय मंत्रिमंडल ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की प्रिय योजना वन नेशन, वन इलेक्शन' को औपचारिक मंजूरी दे दी है। इसका अर्थ यह है कि अब सरकार इस योजना को लागू करने की दिशा में काम करेगी। यह कैसे होगा, इसका मोटा खाका रामनाथ कोविंद कमेटी ने बनाया था। उसके मुताबिक लोकसभा चुनाव वाले वर्ष में सभी राज्यों की विधानसभाओं के चुनाव भी कराए जाएंगे। कोविंद कमेटी ने जब अपनी रिपोर्ट पेश की थी, तब भी इससे ज्यादा स्पष्टता नहीं बनी थी, ना कैबिनेट के हरी झंडी देने के बाद अब इसका पूरा ब्लू प्रिंट उभरा है। इसलिए कहा जाएगा कि अभी तक यह योजना महज एक इरादा ही है। सत्ता पक्ष चाहता, तो महाराष्ट्र, हरियाणा और जम्मू-कश्मीर विधानसभाओं के चुनाव भी लोकसभा चुनाव के साथ करवा कर इस योजना को अधिक विश्वसनीय बना सकती था। लेकिन बाकी बातें तो दूर, हरियाणा और जम्मू-कश्मीर के साथ-साथ महाराष्ट्र और हरियाणा के चुनाव भी नहीं कर जा सके। वैसे भी भारतीय लोकतंत्र में इस समय मुख्य चुनौती सारे चुनाव एक साथ करा देने की नहीं, बल्कि जो चुनाव होते हैं, उनकी साख बहाल करने की है। पहला मुद्दा निर्वाचन आयोग की निष्पक्षता सुनिश्चित करने का था, जिसमें होनी वाली नियुक्ति प्रक्रिया को पिछले वर्ष सरकार ने मनमाने ढंग से बदल दिया। आम चुनाव के दौरान आयोग का रुख लगातार सवालों के घेरे में रहा। आयोग ने मतदान प्रतिशत बताने में जैसी देर की और बाद में गिरे वोटों की संख्या में जितनी वृद्धि बताई गई, उससे साख का संकट खड़ा हुआ है। चुनाव परिणाम को लेकर जैसे प्रश्न इस बारे उठे, वैसा भारत के चुनावी इतिहास में कभी नहीं हुआ था। इसके अलावा धन का कसता जा रहा शिकंजा चुनावों के प्रातिनिधिक दायरे को लगातार सिकोड़ रहा है। अब इसी पृष्ठभूमि में वन नेशन, वन इलेक्शन योजना सरकार ले आई है। स्वाभाविक है कि सहज गले लगाने के बजाय जनमत का एक बड़ा हिस्सा इसे विरोध भाव के साथ देखेगा। जन विश्वसनीयता और सहमति किसी लोकतंत्र के संचालन की पूर्व शर्त होती हैं। मगर वर्तमान सरकार ऐसे तकाजों की परवाह नहीं करती। फिर उसने वही नजरिया दिखाया है।

# चुनाव एक साथ कराने की चुनौतियां

**ओपी रावत**




केंद्रीय मंत्रिमंडल ने पूर्व राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद की अगुवाई वाली समिति की सिफारिशों को स्वीकार करते हुए 'एक देश, एक चुनाव' को मंजूर कर लिया है। संसद के शीतकालीन सत्र में इस बाबत बिल लाया जा सकता है। एक साथ पूरे देश में चुनाव कराने की जरूरत चुनाव आयोग भी काफी पहले से महसूस करता रहा है। उसने 1982 में तत्कालीन सरकार को लिखा भी था कि 1967 के बाद से चुनाव अलग-अलग हो रहे हैं, जिसके कारण निरंतर चुनाव की प्रक्रिया चलती रहती है, इसलिए जन-प्रतिनिधित्व अधिनियम और संविधान में उचित संशोधन कर लोकसभा और विधानसभाओं के चुनाव एक साथ कराने की व्यवस्था की जानी चाहिए।

केंद्रीय मंत्रिमंडल ने पूर्व राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद की अगुवाई वाली समिति की सिफारिशों को स्वीकार करते हुए 'एक देश, एक चुनाव' को मंजूर कर लिया है। संसद के शीतकालीन सत्र में इस बाबत बिल लाया जा सकता है। एक साथ पूरे देश में चुनाव कराने की जरूरत चुनाव आयोग भी काफी पहले से महसूस करता रहा है। उसने 1982 में तत्कालीन सरकार को लिखा भी था कि 1967 के बाद से चुनाव अलग-अलग हो रहे हैं, जिसके कारण निरंतर चुनाव की प्रक्रिया चलती रहती है, इसलिए जन-प्रतिनिधित्व अधिनियम और संविधान में उचित संशोधन कर लोकसभा और विधानसभाओं के चुनाव एक साथ कराने की व्यवस्था की जानी चाहिए। हालांकि, तब इस सुझाव पर राजनीतिक सहमति नहीं बन सकी और मामला जस का तस बना रहा। एक देश, एक चुनाव की उम्मीद साल 2015 में फिर से जगी, जब प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने इस दिशा में आगे बढ़ने का भरोसा दिया। आज यदि मंत्रिमंडल ने इस पर सहमति जताई है, तो इसे सरकार की स्छिच्छा कहेंगे। मगर इस दिशा में मजबूती से तभी बढ़ा जा सकेगा, जब संसद से जन-प्रतिनिधित्व अधिनियम व संविधान में संशोधन विधेयक पारित कराया जाएगा। और, यह कोई आसान काम नहीं है। दरअसल, लोकसभा और विधानसभा के ही चुनाव एक साथ कराने की बात होती, तो जन-प्रतिनिधित्व अधिनियम और संविधान में कुछ संशोधनों से यह काम हो जाता। मगर कोविंद समिति की अनुशंसा के मुताबिक, स्थानीय निकायों के चुनाव भी दूसरे चरण में 100 दिनों के अंदर कराने को कैबिनेट ने मंजूरी दी है, जबकि इन संस्थाओं के चुनाव राज्य सरकार के अधीन होते हैं। पेच यहीं पर फंसेगा। मुमकिन है कि एनडीए समर्थित सरकारें तत्काल अपने यहां संशोधन कर लें, लेकिन विपक्षी दलों वाली राज्य सरकारें भी ऐसा करेंगी, इस पर संदेह है। यह शक तब और गहरा जाता है, जब एक देश, एक चुनाव के विरोध में कांग्रेस, समाजवादी, तृणमूल, द्रमुक, आप जैसी करीब 15 पार्टियां खुलकर खड़ी हैं। केंद्र सरकार इस मामले में कोई एकतरफा कार्रवाई नहीं कर सकती, क्योंकि ऐसा करना राज्यों के विशेषाधिकार का हनन होगा और इससे हमारा संघीय ढांचा प्रभावित होता है। चुनाव आयोग एक साथ पूरे देश में चुनाव कराने की जरूरत इसलिए महसूस करता रहा है, क्योंकि अभी उसे अनवरत चुनाव संबंधी कामों से जूझना पड़ता है। साल 2024 में ही पहले लोकसभा चुनाव हुए, अब जम्मू-कश्मीर व हरियाणा में मत डाले जा रहे हैं और वर्ष के आखिर में महाराष्ट्र, झारखंड और शायद दिल्ली में मतदान होंगे। चुनाव आयोग के पास बमुश्किल 300 कर्मचारियों की फौज है, इसलिए चुनाव के समय दिन-रात काम करना उनकी मजबूरी बन जाती है। जब कोई कर्मचारी साल भर दिन-रात काम करेगा, तो उसमें थकान होना स्वाभाविक है। इससे गलती होने की आशंका भी बढ़ जाती है, जबकि निष्पक्षता चुनाव की बुनियादी शर्तों में एक है। चुनाव-प्रक्रिया में छोटी से छोटी गलती भी कितनी भारी पड़ सकती है, इसे ऑस्ट्रिया के चुनाव से समझ सकते हैं। वहां सरकार का कार्यकाल बस खत्म होने को था, तो चुनाव आयोग ने अपनी तैयारी शुरू की। मत-पत्र चिपकाने के लिए उसने जिस गोंद की खरीदारी की, उस पर लिखा था कि यह 30 डिग्री सेल्सियस तक काम करेगा। मगर जब चुनाव हुए, तो तापमान बढ़कर 35 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच गया और ऐन चुनाव के समय मत-पत्र खुलने लगे। इससे पारदर्शिता प्रभावित हुई और चुनाव रद्द करवाने पड़े। चूंकि, सरकार के पास बमुश्किल एक महीने का कार्यकाल बचा था, इसलिए आयोग के पास संसद में यह गुजारिश करने के अलावा कोई विकल्प नहीं बचा कि संविधान में संशोधन करके चुनाव का वक्त आगे बढ़ाया जाए। स्थिति काफी खराब हो गई थी। अपने यहां अब तक ऐसी कोई नौबत नहीं आई है, जिसके लिए हमें चुनाव आयोग और उनके कर्मियों का धन्यवाद करना चाहिए, लेकिन जब थकान हावी हो जाए, तो कुछ भी हो सकता है। इसी चुनौती से पार पाने के लिए आयोग 1982 से ही एक साथ चुनाव कराने की मांग करता रहा है। यहां चुनाव आयोग की टीम बढ़ाने से भी कोई मदद नहीं मिल सकेगी, क्योंकि इससे आयोग की पारदर्शिता ही प्रभावित होगी और उसके लिए चुनौतियां बढ़ जाएंगी।साफ है, हमें सोच-समझकर बढ़ना होगा। यदि कुछ राज्य सरकारें तैयार नहीं होती हैं, तो फिर जन-प्रतिनिधित्व अधिनियम और संविधान में ऐसे संशोधन करने पड़ेंगे कि लोकसभा व विधानसभा चुनावों के तत्काल बाद स्थानीय निकायों के चुनाव कराने की मजबूरी न रहे। राज्यों को इस बाबत सिर्फ सलाह दी जाए, जिसे मानना या न मानना उनका विशेषाधिकार रहे। इसके बाद, लोकसभा और विधानसभाओं के चुनाव एक साथ कराने के लिए जरूरी संशोधन किए जाने चाहिए। उचित यही है कि संशोधन संबंधी कोई मसौदा बनाते समय सभी राजनीतिक दलों को बातचीत की मेज पर बिठाया जाए और उनकी चिंताओं व आशंकाओं को दूर करते हुए 'एक देश, एक चुनाव' पर आम सहमति बनाई जाए। संविधान संशोधन के लिए जरूरी दो-तिहाई बहुमत जुटाने के वास्ते ऐसा करना अनिवार्य होगा। इसके बाद ही ईवीएम की कमी या सुरक्षा बलों जैसी जरूरतों को पूरा करने की दिशा में आगे बढ़ा जाए। हालांकि, एक और चुनौती इस राह में है। अब जनगणना की कवायद भी शुरू होने वाली है, जिसे कोरोना महामारी की वजह से टाल दिया गया था। इसमें करीब डेढ़ साल का वक्त लगता है, यानी 2026 तक इसके आंकड़े सामने आ सकते हैं। तब हमें इसके अनुसार नया परिसीमन भी करना होगा, जिससे दक्षिण के राज्यों को नुकसान होने का अंदेशा है और वे इसके खिलाफ अभी से लामबंद होने लगे हैं। अगर यह मुद्दा जोर पकड़ता है, तब 'एक देश, एक चुनाव' पर आगे बढ़ना मुश्किल हो सकता है। ऐसे में, चुनाव आयोग को अभी यह सुझाव केंद्र सरकार को देना चाहिए। कि कम से कम एक साल के सभी विधानसभा चुनाव साथ-साथ कराए जाएं।

## आलेख

# सीबीआई और एफबीआई सिर्फ दिखाने के लिए स्वतंत्र

**ओमप्रकाश मेहता**

आज देश की प्रमुख जांच एजेंसियाँ केंद्रीय जांच ब्यूरों (सीबीआई) और वित्तीय जांच ब्यूरो (एफबीआई) सहित रक्षा इकाईयों पर यह एक सामान्य आरोप लगाा जा रहा है, ये सिर्फ दिखाने के लिए स्वतंत्र' है, जबकि इन पर पूरा नियंत्रण सरकार का है, इसीलिए यह सामान्य आरोप लगाया जाता है कि सरकारी वित्तीय घपलों की जांच निष्पक्षता के दायरें से बाहर ही रहती है, अब आज का मुख्य सवाल यह है कि इन प्रतिष्ठानों के नाम को स्वतंत्र' के साथ जोड़ा गया है, तो इन्हें स्वतंत्रता' व न्यायपूर्ण काम क्यों नही करने दिया जाता।

पिछले दिनों दिल्ली के पूर्व मुख्यमंत्री अरिवंद केजरीवाल की शराब काण्ड में जमानत पर सर्वोच्च न्यायालय ने जो सरकारी जांच एजेंसियों को लेकर सख्त टिप्पणियां की, उन पर सरकार ने चाहे गौर न किया हो, किंतु देश के हर जागरूक और बुद्धिजीवी नागरिक ने काफी गंभीरता से लेकर उस पर मनन भी किया है और सर्वोच्च न्यायालय की टिप्पणियों को आज की सच्चाई से जोड़ा है।

आज की एक बड़ी सच्चाई यह भी है कि आज देश को प्रजातंत्र के तीन अंगों में से सिर्फ और सिर्फ न्यायपालिका पर ही भरोसा शेष रहा है, विधायिका व कार्यपालिका के साथ ही चौथे कथित अंग खबर पालिका पर भी भरोसा शेष नही रहा। अब चूंकि पूरे देश को न्याय पालिका पर ही भरोसा रहा है और न्याय पालिका भी इस भरोसे को कायम रखने में जुटी है, तो फिर इन तथाकथित जांच एजेंसियों को सरकारी नियंत्रण से बाहर क्यों नही लाया जा रहा?

यहाँ यह भी कटु सत्य है कि सरकार के अधिकांश दुष्कर्म' के मामलों की जांच का उत्तरदायित्व भी इन्हीं जांच एजेंसियों को सौंपा जाता है, जिन पर केन्द्र या राज्य में विराजित उन राजनेताओं का नियंत्रण रहता है जो स्वयं इन दुष्कर्मों' के सहभागी होते है, अब ऐसी स्थिति में तथाकथित इन स्वतंत्र जांच एजेंसियों से सही न्यायपूर्ण व संवैधानिक जांच की उम्मीद कैसे की जा सकती है, यही मुख्य कारण है कि प्रजातंत्र के किसी भी अंग को सही व उचित न्याय नही मिल पाता और देश के आम नागरिक की खून-पसीनें की कमाई का अधिकांश पैसा इन कथित भ्रष्ट सत्ताधीशों की जेबों में चला जाता है, यही मुख्य कारण है कि आज के युवा वर्ग में राजनीति के प्रति रूझान बढ़ता जा रहा है। ज.और देश को सकी गाढ़ी कमाई राशि के घपले पर न्याय भी नही मिल पाता क्योंकि जांच एजेंसियाँ इन्हीं भ्रष्टाचारियों के कब्जे में रहती है और यही कारण है कि भ्रष्टाचार का महारोग' दिन दूनी-रात चौगुनी गति से महामारी का रूप ग्रहण करता जा रहा है।

इसलिए आज की सबसे अहम् और पहली जरूरत इन सरकारी जांच एजेंसियों को सरकार के नियंत्रण से बाहर करने की है और इसके लिए तथाकथित रूप से ईमानदार प्रधानमंत्री जी को ही संसद में संविधान संशोधन प्रस्तुत कर इन स्वतंत्र' एजेंसियों पर से अपना नियंत्रण हटाना पड़ेगा। खासकर केंन्द्रीय गृहमंत्री से तो ऐसी अपेक्षा की ही जा सकती है? क्योंकि आज इन एजेंसियों की स्वायतता को लेकर हर तरफ से कई सवाल खड़े किए जा रहे है।

क्या ही अच्छा हो, यदि मोदी सरकार इन स्वतंत्र जांच एजेंसियों की अब तक की भूमिकाओं, उनकी कार्यशैली व उनकी मजबूरियों की निष्पक्ष समीक्षा कर संसद के माध्यम से इन्हें और अधिक सक्षम व विश्वसनीय बनाने की दिशा में अहम् भूमिका का निर्वहन करें? क्योंकि आज इन जांच एजेंसियों में भी अमले की कमी से लेकर अन्य कई समस्याऐं है, जिनके कारण ये एजेसिंया त्वरित न्याय नही दे पा रही है। इसलिए इनका हर तरीके से पूर्णरूपेण न्यायोचित निरीक्षण कर इनके सुधार की दिशा में पहल की जानी चाहिए। यह भी देखा जाना चाहिए कि इन एजेंसियों पर कितने और कितनी लम्बी अवधि के लम्बित मामले पेंडिंग है और इनका न्यायपूर्ण निपटारा कैसे व कितनी कम समयावधि में हो सकता है? यदि केन्द्र सरकार व प्रधानमंत्री व्यक्तिगत दिलचस्पी लेकर इस देशहित के कार्य को सम्पन्न करें, तो उनकी लोकप्रियता में अभिवृद्धि ही होगी।

# स्वच्छ भारत मिशन-शहरी कचरा प्रबंधन का ब्लू-प्रिंट

**तोखन साहू,**

हमारा देश अब स्वच्छ भारत मिशन (एसबीएम) की दसवीं वर्षगांठ मनाने जा रहा है। यह एक परिवर्तनकारी दशकीय यात्रा रही है, जिसके बारे में विचार करने पर प्रभाव बेहद गहरे नजर आते हैं। एक ऐसा मिशन जिसने भारत में स्वच्छता और सफाई के नए पैमाने स्थापित कर एक नई परिभाषा गढ़ी है। 2 अक्टूबर 2014 को शुरू किया गया यह मिशन केवल एक पहल नहीं, बल्कि एक आंदोलन था ङ्क हर एक नागरिक को स्वच्छ, स्वस्थ और 'विकसित भारत' में योगदान देने का आह्वान। आज, एसबीएम ने अपना फोकस केवल शौचालयों के निर्माण और उन तक नागरिकों की पहुंच को बढ़ाने तक ही सीमित नहीं रखा है, बल्कि इसमें विभिन्न समुदायों के लिए प्रभावी अपशिष्ट प्रबंधन पद्धतियां अपनाने के बारे में स्पष्ट रूप से मार्गदर्शन को भी शामिल किया है। यह बदलाव स्वच्छता के लिए जिम्मेदारी की भावना को बढ़ावा देता है, सभी व्यक्तियों को अपने समाज की भलाई में सक्रिय रूप से योगदान देने के लिए प्रोत्साहित करता है। हमारे प्रधानमंत्री ने इस पहल को आगे बढ़ाया, जिसके परिणामस्वरूप भारत खुले में शौच से मुक्त हुआ और हमारे समुदायों में जनभागीदारी की अनोखी अलख जगी। शहरी क्षेत्रों में, एसबीएम ने अपशिष्ट प्रबंधन के लिए एक व्यापक दृष्टिकोण का नेतृत्व किया है। कुशल अपशिष्ट पृथक्करण प्रणालियों के कार्यान्वयन से लेकर अपशिष्ट-से-ऊर्जा संयंत्रों की स्थापना तक, देश भर के शहरों ने आज अभिनव समाधान अपनाए हैं, जो कि वर्ष 2014-2024 के बीच हमारे माननीय प्रधानमंत्री कुशल मार्गदर्शन में दूरदर्शी नेतृत्व और अथक प्रयासों से ही संभव हुआ है। स्वच्छ सर्वेक्षण के रूप में एक वार्षिक स्वच्छता सर्वे की शुरूआत हुई, जिसने शहरों के बीच स्वस्थ प्रतिस्पर्धा को बढ़ावा दिया। इसने शहरों को सफाई और स्वच्छता संबंधी मानकों का स्तर बढ़ाने के लिए प्रेरित किया गया है, साथ ही स्वच्छता को स्वास्थ्य, शिक्षा और पर्यावरण संरक्षण के साथ जोड़ा है। स्वच्छ भारत मिशन के मूल में समाज के हर वर्ग और समुदायों की सक्रिय भागीदारी है। स्कूली बच्चों से लेकर महिला समूहों तक, सभी नागरिक स्वच्छता के प्रहारी बन गए हैं। राज्य सरकारों ने स्थानीय स्तर पर राष्ट्रीय नीतियों को लागू किया है और स्वच्छता को लेकर स्पष्ट दिशा-निर्देश स्थापित किए हैं। उन्होंने सार्वजनिक शौचालयों और अपशिष्ट प्रबंधन सुविधाओं जैसे आवश्यक बुनियादी ढांचे के निर्माण के साथ शहरों में विशिष्ट स्वच्छता संबंधी रणनीतियां तैयार की हैं। साथ ही, नगरपालिका कर्मचारियों और सफ़ाई कर्मचारियों के लिए प्रशिक्षण कार्यक्रमों के माध्यम से क्षमता निर्माण में भी निवेश किया गया है। राज्यों ने निरंतर प्रगति को ट्रैक करने और उसके आवश्यक समायोजन के लिए मजबूत निगरानी और मूल्यांकन तंत्र के साथ स्तर को बेहतर बनाया है, और स्वच्छ सर्वेक्षण का एक उपकरण के रूप में उपयोग किया है। विभिन्न क्षेत्रों के साथ सहयोग करके, मिशन ने स्थानीय निकायों, गैर सरकारी संगठनों और नागरिकों को एक साझा लक्ष्य की दिशा में मिलकर काम करने के लिए सशक्त बनाया है। पब्लिक-प्राइवेट पार्टनरशिप पर जोर देने के साथ-साथ संसाधन जुटाने और तकनीकी क्षेत्र में इनोवेशन प्रोसेस को आसान बनाया गया है, जिससे स्वच्छता संबंधी समाधान अधिक सुलभ और स्थायी बन गए हैं। इसके अतिरिक्त, सफाई मित्र सुरक्षा शिविर जैसी पहल हमारे स्वच्छता नायकों को स्वास्थ्य जांच की सुविधा प्रदान करती हैं और उनको मिलने वाली सामाजिक सुरक्षा के लाभों के बारे में जागरूकता बढ़ाती हैं, जो सामुदायिक स्वास्थ्य की दिशा में भी मिशन के व्यापक दृष्टिकोण पर जोर देती हैं। यह सुनिश्चित करना बेहद महत्वपूर्ण है कि स्वच्छता सेवाएं, समाज के बेहद पिछड़े वर्ग के लोगों के लिए भी समावेशी एवं न्यायसंगत हों और एसबीएम ने यह काम सफलतापूर्वक किया है। इसी तरह के उदाहरणों में से एक है, जिसे मैंने भी करीब से देखा है और यह छत्तीसगढ़ के सरगुजा जिले के अंबिकापुर में हुआ है। एक विकेंद्रीकृत अपशिष्ट प्रबंधन योजना के साथ लगभग 200,000 निवासियों वाले इस शहर ने लैंडफिल पर जाने वाले कचरे को प्रभावी रूप से घटाने का काम किया है और स्रोत पर ही इसके लिए विशेष प्रबंध किया गया है, जिसे राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर मान्यता भी प्राप्त हुई है। इस सफलता का एक प्रमुख हिस्सा 470 सफाईकर्मियों का एक समर्पित समूह है, जो शहर में अपशिष्ट प्रबंधन के लिए एक प्रशिक्षित सजग महिलाओं का एक समूह है। उनके प्रयासों से अंबिकापुर नगर पालिका को न केवल राजस्व अर्जित करने में सफलता मिली है, बल्कि उस राजस्व को पुन: सामुदायिक सेवाओं में निवेश करने में भी मदद मिली है, जिससे समावेशी रणनीतियों के सामाजिक-आर्थिक लाभ भी दिखाई दिए हैं। अंबिकापुर में महिलाएं कचरा प्रबंधन की पूरी प्रक्रिया को संचालित करती हैं - संग्रह और पृथक्करण से लेकर प्रसंस्करण तक - वे कचरे को दायित्व के बजाय संसाधन के रूप में देखती हैं। यह मानसिकता रीसाइक्लिंग और मैटेरियल रिकवरी को प्रोत्साहित करती है, जिससे कचरा चक्र में आने वाले लूप प्रभावी रूप से बंद हो जाते हैं। समुदाय को जिम्मेदार कचरा निपटारे के बारे में शिक्षित करके, वे पर्यावरण रखरखाव में सक्रिय भागीदारी को बढ़ावा देते हैं, आर्थिक अवसरों को खोलते हैं और स्थायी अभ्यासों को आगे बढ़ाते हैं। इस तरह निचले स्तर से विचार और काम शुरू करते हुए आज राज्यों को कचरा प्रबंधन में उल्लेखनीय प्रगति करने में सक्षम बनाया गया है। अंबिकापुर की 'महिलाओं के नेतृत्व में स्वच्छता' संबंधी पहल प्रभावी अपशिष्ट प्रबंधन रणनीतियों को लागू करने की चाह रखने वाले टियर-द्ध्द्ध और टियर-3 श्रेणी के शहरों के लिए एक आशाजनक ब्लू-प्रिंट है।

# सरकार अनुरोध रिटायर करने की उम्र बढ़ाई जाए

**रवि एस श्रीवास्तव**




अपने देश में नौकरी से सेवानिवृत्ति की उम्र (रिटायरमेंट एज) बढ़ाने की बहस नई नहीं है। इन दिनों इस पर नए सिरे से इसलिए चर्चा हो रही है, क्योंकि केंद्र सरकार ने एकीकृत पेंशन योजना (यूपीएस) की घोषणा की है, जिसमें पूरी पेंशन पाने के लिए सेवा की न्यूनतम अवधि का जो प्रावधान किया गया है, वह पहले की योजना से अधिक है। पहले की पेंशन योजनाओं में पूरी पेंशन-राशि पाने के लिए न्यूनतम सेवा-अवधि 33 वर्ष होती थी, जिसे निरंतर घटाते हुए 20 साल कर दिया गया था, लेकिन यूपीएस में इसे बढ़ाकर 25 साल किया गया है। सेवानिवृत्ति की आयु बढ़ाने की मांग अन्य क्षेत्रों के अलावा अर्द्धसैनिक बलों की तरफसे भी हो रही है, क्योंकि सेवा की उनकी अवधि दूसरों की तुलना में कम होती है। मगर उनको रियायत मिलने की संभावना कम है, क्योंकि उनकी नौकरी काफी हद तक उनकी शारीरिक और मानसिक क्षमता पर निर्भर करती है। हां, अन्य क्षेत्रों में सेवानिवृत्ति उम्र बढ़ाने का सवाल इसलिए जोर पकड़ रहा है, क्योंकि वहां कई अभ्यर्थी किसी-न-किसी कारण देर से सेवा में शामिल होते हैं। बहरहाल, इस बहस को हमें इस सवाल के संदर्भ में भी देखना चाहिए कि सेवानिवृत्ति की उम्र आखिर तय क्यों की जाती है? एक धड़ा मानता है कि जब तक व्यक्ति शारीरिक और मानसिक तौर पर काम करने के लायक है, उसे नौकरी में रखा जाना चाहिए। जबकि, दूसरा तर्क कुछ जटिल है, लेकिन इसे यूं समझना चाहिए कि अपने यहां लोगों को उनके अनुभव के आधार पर भुगतान किया जाता है। चूंकि श्रम बाजार अनुभव को तवज्जो देता है, इसलिए किसी व्यक्ति की नौकरी के दौरान आमदनी कम नहीं होती, बल्कि निरंतर बढ़ती ही जाती है। इसकी पीछे की सोच यह है कि अनुभव अर्जित करने के कारण व्यक्ति की उत्पादकता बढ़ती जाती है। मगर एक समय में, जब उसकी उत्पादकता बढ़े हुए वेतन के अनुपात में कम हो जाए, तो उसे सेवा से बाहर कर देना चाहिए। इसका अर्थ यही है कि सेवानिवृत्ति एक तरफ जहां व्यक्ति की शारीरिक-मानसिक क्षमता पर निर्भर करती है, तो दूसरी तरफवेतन की तुलना में उसकी उत्पादकता पर भी। चूंकि लोगों की जीवन-प्रत्याशा बढ़ी है और वे अधिक उम्र तक सक्रिय रहने लगे हैं, इसलिए सरकारी और अर्द्ध-सरकारी क्षेत्रों में सेवानिवृत्ति की आयु बढ़ाई जाती रही है। पहले यह 55 साल होती थी, जिसे 58 साल और फिर 60 वर्ष कर दिया गया। शिक्षकों के लिए तो सेवानिवृत्ति की आयु पहले 62 साल और फिर 65 साल तय की गई, क्योंकि माना जाता है कि उन्हें शारीरिक श्रम नहीं करना पड़ता और देश में उनकी कमी भी रही है। इसी तरह, जजों की रिटायरमेंट एज भी बढ़ाई गई है, जो राज्यों की अदालतों में 62 साल और सर्वोच्च न्यायालय में 65 साल है। मगर कई जगह सेवानिवृत्ति की आयु अब भी 55 साल है, विशेषकर केरल में, जबकि वहां जीवन-प्रत्याशा अन्य भारतीय राज्यों की तुलना में सबसे अधिक है। वहां माना जाता है कि सेवानिवृत्ति की आयु बढ़ाने से नए लोगों को श्रम बाजार में आने का मौका कम हो जाएगा। दरअसल, किसी जमाने में पश्चिम बंगाल केंद्रित सोशलिस्ट यूनिटी सेंटर ऑफ इंडिया (एसयूसीआई) जैसी पार्टी रोजाना चार घंटे काम करने पर जोर देती थी, ताकि हर दिन दो पाली में काम होने से दोगुने लोग श्रम बाजार का हिस्सा बन सकें। इस तर्क पर कोई सहमत हो सकता है और कोई असहमत भी, पर ऐसी ही सोच के कारण शायद केरल ने अपने यहां अब तक सेवानिवृत्ति की उम्र नहीं बढ़ाई है। हालांकि, दुनिया में सेवानिवृत्ति को लेकर अमूमन दो तरह की प्रवृत्तियां दिखती हैं। एक तरफ यूरोप और अमेरिका के कुछ देश हैं, जहां सेवानिवृत्ति की आयु बढ़ाई गई है, तो दूसरी तरफ उत्तरी अमेरिकी देश व कनाडा हैं, जहां इसे पूरी तरह से खत्म कर दिया गया है। वहां रोजगार के कई क्षेत्रों में व्यक्ति जब तक चाहे, काम कर सकता है, पर उसकी तनख्वाह को एक उम्र के बाद सीमित कर दिया जाता है। मतलब यह कि उसके हाथ में बेशक पूरे पैसे आते हैं, लेकिन उसमें एक हिस्सा उसकी पेंशन का भी होता है, यानी तकनीकी रूप से वह पहले की तुलना में सरकारी खजाने से कम वेतन पाता है। सोच यह होती है कि चूंकि पेंशन की राशि व्यक्ति के जीवन-काल की अर्जित रकम है, इसलिए सरकारी खजाने पर उसके वेतन का नाममात्र बोझ पड़ता है। यूरोप और अमेरिका के कुछ देशों में भी ऐसा संशोधन किया गया है कि लोग खुद यह तय कर सकें कि एक तय उम्र के बाद वे कितना काम करेंगे? और फिर, काम के घंटे के अनुपात में उनका वेतन तय किया जाता है, जिसमें एक हिस्सा पेंशन का होता है। इस तरह, व्यक्ति की उत्पादकता का हरसंभव इस्तेमाल किया जाता है और जब व्यक्ति को खुद लगता है कि वह काम के लायक नहीं रहा, तो वह सेवा से बाहर हो जाता है। जाहिर है, पश्चिमी दुनिया सेवानिवृत्ति आयु बढ़ाने को उत्सुक रही है। कई जगहों पर तो इसे खत्म भी कर दिया गया है। महत्वपूर्ण सवाल यह है कि भारत के संदर्भ में व्यावहारिक रास्ता क्या है? हमारे यहां अमूमन उत्पादकता से सेवानिवृत्ति जुड़ी है। लिहाजा, जिस उम्र तक व्यक्ति बतौर उत्पादक योगदान कर सकता है

# परम पूज्य चर्या शिरोमणि आचार्य श्री विशुद्धसागर महाराज जी महाराज के सानिध्य में अभी तक 146 पंचकल्याणक महामहोत्सव हुए सम्पन्न

## आगामी 6 पंचकल्याणक महामहोत्सव और हुए सुनिश्चित



**नांदणी (विश्व परिवार)।** आचार्य भगवन विशुद्धसागर जी महाराज ऐसे दिगम्बर जैन संत हैं जो अपनी चर्या के लिये पहचाने जाते हैं। जिनको चर्या शिरोमणि कहा जाता है। नांदणी के इतिहास में पहली बार ऐसा हुआ है कि 26 निर्ग्रंथ साधु एक साथ नगर में चातुर्मास कर रहे हैं।

आचार्य विशुद्धसागर महाराज जी संघ 2024 का चातुर्मास नांदणी में होने के कारण पूरे महाराष्ट्र के जैन समाज, स्थानीय जैन समाज और विशुद्ध वर्षायोग 2024 समिति के सभी पदाधिकारियों में खुशी की लहर है। सभी लोग इस चातुर्मास को भव्यता और ऐतिहासिक बनाने के लिए शुरुवात से ही तन मन धन से प्रयासरत है।

जैन धर्म के विकास और संरक्षण के हेतू भारतवर्ष में भट्टारक पीठोंकी निर्मिती हुई है। इन सभी भट्टारक पीठों में स्वस्तिश्री जिनसेन भट्टारक पट्टाचार्य महास्वामी मठसंस्थान नांदणी, करवीर (कोल्हापूर) यह आद्य पीठ है। प्राचीन भारत के दिल्ली, पिंनगोंडी, जिनकंची और करवीर (नांदणी) ऐसी जिनसेन मठ की परंपरा चलती आ रही है। करवीर मठ संस्थांन के कोल्हापूर, नांदणी, तेरदाळ और बेलगांव यह चार शाखापीठ है ; इसलिये जिनसेन मठ की वास्तू अतिभव्य है। नांदणी स्थित मठ का इतिहास 1300 वर्ष पूराना है। प.पू. आचार्य श्री विशुद्धसागर महाराज जी ने अभि तक 1, 25, 000 कि.मि. पैदल विहार किया हैं। आचार्यश्री ने 250 ग्रंथों की रचना और 5000 नितीकाव्य का लेखन किया हैं। आचार्यश्री के सानिध्य में लागभग 146 पंचकल्याण प्रतिष्ठा महामहोत्सव सानंद संपन्न हुए हैं। 147वॉं पंचकल्याण प्रतिष्ठा महामहोत्सव श्री दिगम्बर जैन अतिशय क्षेत्र जैनरगुत्ती (हासन, कर्नाटक) में 28 नबम्बर से 04 दिसम्बर 2024 तक संपन्न होगा। 148 वा पंचकल्याण प्रतिष्ठा महामहोत्सव श्री दि. जैन अतिशय क्षेत्र वृषभाचल, नांदणी, (महाराष्ट्र) में 01 जनवरी से 09 जनवरी 2025 तक संपन्न होगा। विशेष- श्री 1008 आदिनाथ भगवान का 12 साल में होने बाला महा मस्तिकाभिषेक समारोह 1 जनवरी से 9 जनवरी 2025 तक संपन्न होगा।

दिनांक 1 जनवरी 2025 से 9 जनवरी 2025 तक नांदणी में भव्य पंचकल्याणक प्रतिष्ठा महोत्सव का आयोजन आचार्य विशुद्धसागर जी महाराज जी के सानिध्य में और स्वस्तिश्री जिनसेन भट्टारक स्वामीजी के अधिनेतृत्व में संपन्न होगा। वृषभाचल पर भगवान आदिनाथ बृहन्मुर्ती के बाजु में भ. मुनीसुव्रतनाथ तीर्थंकरा की 21 फूट की पद्मासन प्रतिमा का पंचकल्याणक, नांदणी मठ में भ. आदिनाथ बस्ती के शिखर में नूतन मूर्ती का, गांव में भ. पार्श्वनाथ मंदिर के शिखर में भ. पार्श्वनाथ की प्रतिमा और स्वस्तिश्री जिनसेन मठ में मुख्य मंदिर के मुलानायक भ. आदिनाथ मंदिर के बाजू में (दक्षिण दिशा को ) 9 तीर्थंकर मंदिर का निर्माण हुआ है। उस 9 प्रतिमा की प्राणप्रतिष्ठापणा इस पंचकल्याणक प्रतिष्ठा महामहोत्सव में संपन्न होगा। वृषभाचल पर (निशिदिका में) चक्रेश्वरी देवी (भ. वृषभनाथ जी की शासनदेवी यक्षिणी) और क्षेत्रपालजी की नूतन स्थापना होगी। यह चक्रेश्वरी मंदिर बहोतही सुंदर बन रहा है। वृषभाचलापर 24 टोक पर सम्मेदशिखरजी की प्रतिकृती बनी है। उसीके 24 वे टोक पर पावपुरी क्षेत्र का थोडे विकसितरूप देकर नूतन पावपुरी की रचना होगी। 149 वा पंचकल्याण प्रतिष्ठा महामहोत्सव दि. जैन तीर्थ क्षेत्र अष्टापद रुकड़ी (महाराष्ट्र) में 19 जनवरी से 25 जनवरी 2025 तक संपन्न होगा। 150 वा पंचकल्याण प्रतिष्ठा महामहोत्सव दि. जैन मंदिर, नंदनवन, आढीव पंडरपुर (महाराष्ट्र) में 01 फरवरी से 05 फरवरी 2025 तक संपन्न होगा। 151 वा पंचकल्याण प्रतिष्ठा महामहोत्सव सिरसाड, मुंबई (महाराष्ट्र) में 28 फरवरी से 05 मार्च 2025 तक संपन्न होगा। 152 वा पंचकल्याण प्रतिष्ठा महामहोत्सव दि. जैन सिद्धक्षेत्र श्री पावापुरी ऊन जिला खरगोन, मध्यप्रदेश में 07 अप्रेल से 12 अप्रेल 2025 तक संपन्न होगा। पट्टाचार्य पद प्रतिष्ठा संस्कार महोत्सव सुमति धाम, गोधा एस्टेट, इंदौर में 27 अप्रैल से 2 मई 2025 तक संपन्न होगा। **-अभिषेक अशोक पाटील**

# अर्हं योग प्रणेता मुनि प्रणम्य सागर जी महाराज के सानिध्य में जयपुर में रचा इतिहास, ओं अर्हं नमः के नाद से गूंजा एसएमएस स्टेडियम

**हजारों लोगों ने अर्हं श्री के सान्निध्य में ओं अर्हं नमः का किया नाद, स्टेडियम में हुई अर्हं ध्यान योग कार्यशाला**






**जयपुर (विश्व परिवार)।** बुधवार 02 अक्तूबर 2024 की सुबह गुलाबी शहर, जयपुर ने सवाई मान सिंह स्टेडियम में एक नया इतिहास रचते देखा। यहाँ अर्हं ध्यान योग का एक विशाल सत्र आयोजित किया गया जिसमें 15000 से अधिक लोगों ने हिस्सा लिया। यह योगशाला स्वयं अर्हं योग प्रणेता, संत शिरोमणि आचार्य विद्यासागर महाराज के शिष्य अर्हं मुनि 108 प्रणम्य सागर महाराज के सानिध्य में हुई । अर्हं ध्यान योग प्राचीन ध्यान योग को आज के परिपेक्ष्य में सरलतम तरीके से हमारे सामने प्रस्तुत करता है। यह तन स्वस्थ, मन प्रसन्न और चेतन निर्मल बनाता है। यह ध्यान-प्रमुख योग प्रक्रिया है।

ओं अर्हं नमः के नाद और मंगलाचरण के साथ कार्यक्रम का शुभारम्भ कर योगासन कराए गए। इस मौके पर आयोजन का ध्वजारोहण आर के ग्रुप किशनगढ़ परिवार की सुशीला पाटनी एवं शान्ता पाटनी ने किया। भगवान आदिनाथ के चित्र का अनावरण सुशील पहाड़िया रोहित पहाड़िया ने एवं दीप प्रज्वलन नंदकिशोर प्रमोद पहाड़िया ने किया द्य जिसके बाद स्वयं अर्हं श्री ने पञ्च मुद्राएँ करायीं। साथ ही कायोत्सर्ग से भीतरी शान्ति और अक्षर नाद, तरंग नाद से खुद को हील करने की कला सिखाई। इस प्रक्रिया के नियमित अभ्यास से होने वाले लाभ जैसे लम्बाई बढ़ना, आँखों की दृष्टि प्रबल होना, रीढ़ की हड्डी मजबूत होना, जठराग्नि उद्दीपन, आत्मविश्वास बढ़ना, तनाव और अवसाद को दूर करना आदि का भी ज्ञान कराया गया। इसके पश्चात अर्हं श्री ने ध्यान की महक से इस वातावरण को सुगन्धित किया और प्रार्थना के साथ जन सैलाब को ऊर्जान्वित किया।

उद्बोधन में अर्हं श्री ने बताया कि अर्हं एक दिव्य ज्योति रूप आनन्द है जो सबके अन्दर विद्यमान है। ध्यान के माध्यम से हम उससे जुड़ते हैं। अहिंसा दिवस पर अर्हं श्री ने अहिंसा के महत्व की भी अनुभूति कराई। इस भव्य स्तर पर देश में यह ध्यान योग का प्रथम आयोजन था। कार्यक्रम में जयपुर के अलावा दिल्ली, जबलपुर, सतना, बंगाल सहित पूरे देश के विभिन्न प्रान्तों से भी लोग उपस्थित थे । जिनवाणी चैनल, आदिनाथ चैनल और अर्हं ध्यान योग के यूट्यूब चैनल पर लाइव प्रसारण के माध्यम से, देश-विदेश से लाखों लोगों ने इसमें सहभागिता ली। इस मौके पर श्री आदिनाथ दिगम्बर जैन समिति मीरा मार्ग मानसरोवर के अध्यक्ष सुशील पहाड़िया, मंत्री राजेन्द्र सेठी ने सभी का आभार व्यक्त किया।

प्रचार संयोजक विनोद जैन कोटखावदा के मुताबिक उपस्थिति को देखकर अर्हं ध्यान योग के प्रति लोगो का जबरदस्त जुडाव देखा। आलम यह था कि लोगो का सुबह 4 बजे से ही स्टेडियम में आना शुरू हो गया था। सभी साधकों को टी शर्ट दी गई।

आयोजन में आई ए एस डॉ समित शर्मा, डॉ सोनिका जैन, सुधान्शु कासलीवाल विवेक काला, सुरेश सबलावत, राजीव जैन गाजियाबाद, प्रदीप जैन, जे के जैन नेमीसागर, डॉ पी सी जैन, भारत भूषण जैन, एस के जैन, गौरव जैन सहित विभिन्न समाजों एवं संस्थाओं के हजारों की संख्या में युवक - युवतियों, महिला - पुरुषों ने शामिल होकर एक नया इतिहास रच दिया। आयोजन से जुड़े हुए विनोद जैन कोटखावदा एवं लोकेन्द्र जैन ने बताया कि अर्हं ध्यान योग आयुष मंत्रालय भारत सरकार के अंतरराष्ट्रीय योग दिवस का ऑफिशियल पार्टनर है। ध्यान योग के माध्यम से यह अनूठा प्रयास देश-विदेश में लाखों लोगों को स्वस्थ और समृद्ध जीवन जीने की कला प्रदान कर रहा है। विगत वर्षों में अर्हं ध्यान योग ने दिल्ली के लाल किला, आगरा के ताजमहल, खजुराहो मंदिर प्रांगण, फतेहपुर सीकरी, झांसी जैसे ऐतिहासिक स्थलों पर अपने सफल योग कार्यक्रमों की अमिट छाप छोड़ी है, जिसमें हजारों लोगों ने सहभागिता निभाई है। **-विनोद जैन**

# संक्षिप्त समाचार

## आचार्य श्री विद्यासागर जी पाठशाला का सागर में हुआ सम्मान



**ललितपुर (विश्व परिवार)।** भाग्योदय तीर्थक्षेत्र सागर में निर्यापक श्रमण मुनि पुंगव सुधा सागर जी महाराज के ससंघ सानिध्य में आयोजित दो दिवसीय पाठशाला सम्मलेन में नगर में संचालित आचार्य श्री विद्यासागर पाठशाला के संयोजक चौधरी अनिल कुमार जैन एवं संचालिका नीरजा चौधरी, संगीता मिठ्या, नेहा चौधरी, रागिनी पवैया, रविता चौधरी, अनुश्री मिठ्या, सरिता चौधरी, सीमा सिर्स, रूबी चौधरी, छायाँसी, खुशबू, ऋतु चौधरी को सम्मानित किया गया। भारतवर्षीय श्रमण संस्कृति संस्थान परीक्षा बोर्ड सांगानेर राजस्थान के तत्वाधान में आयोजित कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए निर्यापक श्रमण मुनि पुंगव सुधा सागर जी महाराज ने कहा कि यदि बृद्धाश्रम के द्वार हमेशा के लिए बंद करना है तो अपने बच्चों को पाठशाला जरूर भेजें क्योंकि जीवन में शिक्षा से पहले संस्कार जरुरी हैं जो हमेशा पाठशाला में दिये जाते हैं। क्षुल्लक गंभीर सागर जी महाराज ने पाठशाला जुलूस को ऐतिहासिक बताते हुए नियमित 40 मिनट के लिये बच्चों को पाठशाला भेजनें के लिये प्रेरित किया। कार्यक्रम में शैलेश कुमार जैन, अनुपम चौधरी, छात्रा चाही जैन, रूही जैन मौजूद रहे। पावागिरि प्रबंध समिति के उपमंत्री सिंघई आकाश चौधरी ने सभी का आभार व्यक्त किया। **-विशाल जैन पवा**

## मुख्यमंत्री ने राष्ट्रपिता महात्मा गांधी और पूर्व प्रधानमंत्री श्री लाल बहादुर शास्त्री की जयंती पर उन्हें किया नमन



**रायपुर (विश्व परिवार)।** मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय ने आज यहाँ अपने निवास कार्यालय में राष्ट्रपिता महात्मा गांधी और पूर्व प्रधानमंत्री स्वर्गीय श्री लाल बहादुर शास्त्री की जयंती पर उनके छायाचित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें नमन किया। उन्होंने महात्मा गांधी के अमूल्य योगदान को याद करते हुए कहा कि गांधी जी ने भारत में स्वाधीनता आंदोलन को नई दिशा दी। उन्होंने सत्य, प्रेम और अहिंसा का मार्ग अपनाकर पूरे विश्व के सामने मिसाल कायम की। मुख्यमंत्री साय ने पूर्व प्रधानमंत्री स्वर्गीय श्री लाल बहादुर शास्त्री का स्मरण करते हुए कहा कि भारतीय स्वाधीनता संग्राम में शास्त्री जी का महत्वपूर्ण योगदान था। उन्होंने 'जय जवान-जय किसान' का नारा देकर जनता का मनोबल बढ़ाया। शास्त्री जी ने सादगी से जीवन जिया और अपना पूरा जीवन गरीबों की सेवा में अर्पित कर दिया। मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि शास्त्री जी के विचार और जीवन मूल्य सदा लोगों को प्रेरित करते रहेंगे।

## मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने प्रदेशवासियों को महाराजा अग्रसेन जयंती की दी बधाई

**रायपुर (विश्व परिवार)।** मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने प्रदेशवासियों विशेषकर अग्रवाल समाज के लोगों को महाराजा अग्रसेन जयंती की बधाई और शुभकामनाएं दी हैं। अपने शुभकामना संदेश में श्री साय ने कहा है कि महाराजा अग्रसेन ने हमें सामाजिक समानता, करुणा और अहिंसा का संदेश दिया। लोकतांत्रिक शासन व्यवस्था और आर्थिक समरूपता उनके आदर्श मूल्य रहे। मुख्यमंत्री ने कहा कि समाज को समृद्ध और सशक्त बनाने तथा प्रेम और सदभाव का वातावरण निर्माण के लिए महाराजा अग्रसेन द्वारा दिए गए विचार मूल्य प्रेरणादायी हैं।

# यदि तुम्हारी जिंदगी में कोई तुमसे रूठ जाए तो उसे मनाने से मत चूकना : मुनि श्री प्रमाणसागर जी महाराज



**इंदौर (विश्व परिवार)।** भगवान कभी भी किसी से रूठते नहीं इसलिये उनको मनाने की कोई बात ही नहीं लेकिन यदि तुम्हारी जिंदगी में कोई तुमसे रूठ जाए तो उसे मनाने से मत चूकना क्यों कि मानने और मनाने में ही पूरी जिंदगी निकल जाती है। उपरोक्त उद्गार मुनि श्री प्रमाणसागर जी महाराज ने रैसकोर्स रोड़पर मोहता भवन में प्रात:कालीन प्रवचन सभा में व्यक्त किये। उन्होंने कहा कि रूठना, मनाना, मनवाना और मानजाना यह चार प्रवत्ति हमारे अंदर होती है, मनवाने की प्रवत्ति अहंकार का प्रतीक है जब कि मानजाने की प्रवृत्ति प्रेम और वातसल्य का प्रतीक है जो लोग मनवाने की प्रवत्ति में विश्वास रखते है वह सिर्फ अपनी अपनी तानते है वह अहंकार का प्रतीक है, उन्होंने कहा कि भगवान ने जो कहा है उसे सहज रुप से स्वीकार कर लैना ही मानना है, अनादि से बंधे हुये पापों को काटने की शक्ती तो हमारे पास है नहीं, लेकिन नये नये पाप करके अनंतकाल के लिये और पाप को क्यों बांध रहे हो, जिसने भगवान की शरण पा ली बही सनाथ है और जो भगवान की भक्ती से बंचित रह गया वह तो अनाथ है उन्होंने कहा कि पाप को काटने के लिये तुमने खूब भक्ती तो की लेकिन भक्ती भी कर रहे, साथ ही पाप के बींज भी बो रहे हो तो पाप नष्ट कैसे होंगे? एक बार अंधेरे ने परमात्मा से सिकायत की सूरज मुझे बहूत परेशान करता है जैसे ही में आराम करती हुं कि सूरज आकर जगा देता है परमात्मा ने सूरज को बुलाया और पूंछा कि अंधेरे को क्यू परेशान करते हो तो सूरज ने कहा कि में अंधेरे को जानता तक नहीं और परेशानी की कोई बात हो तो में उससे माफी मांग लेता हूं कहते है कि सूरज के आते ही अंधेरा भाग जाता है। मुनि श्री ने कहा कि पाप के बींज बोओगे तो दु:ख की फसल तो आऐगी ही आऐगी भक्तामर स्त्रोत्र का स्तवन भी कर रहे हो बह भी यांत्रिक बन कर भगवान के पास तो सच्ची भक्ती का प्रभाव पड़ता है। उपरोक्त जानकारी प्रवक्ता अविनाश जैन एवं मीडिया प्रभारी राहुल जैन स्पोटर्स ने देते हुये बताया मुनि श्री के सानिध्य में कोयला परिवार के आलोक जैन की मां श्री मति विमला देवी की सल्लेखना समाधि चल रही है उनको मुनि श्री प्रमाण सागर महाराज ने दस प्रतिमा देकर चैतन्य श्री नाम दिया है एवं सुवह शाम उनको सम्वोधन दैनै पहुंच रहे है। **-अविनाश जैन**

# चंद्रगिरी अतिशय क्षेत्र डोंगरगढ़ में सामूहिक क्षमावाणी एवं अहिंसा दिवस मनाया गया





**डोंगरगढ़ (विश्व परिवार)।** प्रात: स्मरणीय संत शिरोमणि समाधिस्थ आचार्य 108 श्री विद्यासागर महाराज जी एवं नवीन आचार्य 108 श्री समयसागर महाराज जी के आशीर्वाद से छत्तीसगढ़ के प्रथम नवोदित श्री दिगम्बर जैन चंद्रगिरी अतिशय महातीर्थ क्षेत्र डोंगरगढ़ में प्रतिवर्ष अनुसार इस वर्ष भी दिनांक 2 अक्टूबर 2024 दिन बुधवार को छत्तीसगढ़ स्तरीय सामूहिक क्षमावाणी एवं अहिंसा दिवस के रूप में मनाया गया। दोपहर 2 बजे आचार्य श्री कि समाधिस्थल पर आचार्य भगवन कि पूजन बाल ब्रह्मचारी नितिन भैया जी (खुरई) एवं बाल ब्रह्मचारी दीपक भैया जी (टेहराहा) के मार्गदर्शन में गाजे-बाजे के साथ हर्षोलाश के साथ कि गयी। दोपहर 3 बजे से प्रतिभास्थली ज्ञानोदय विद्यापीठ कि बालिकाओं एवं जैन समाज डोंगरगढ़ के बच्चों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमे मनमोहक नृत्य एवं नाटक कि प्रस्तुति छात्राओं और बच्चों द्वारा दी गयी एवं विद्यागुरु संस्मरण सभा का आयोजन किया गया जिसमे गुरु भक्तों ने गुरूजी के ससंघ सानिध्य में बिताये वो दुर्लभ पलों को यादकर अपने- अपने संस्मरण सुनाये। शाम 4 बजे से सामूहिक क्षमा याचना शुरू हुई जिसमे सभी ने एक दूसरे से क्षमा मांगी कि जाने - अंजाने में कोई कार्य से दु:ख पहुचाया होगा तो उसके लिये क्षमा करना आदि एवं शाम 5 बजे से सामूहिक वात्सल्य भोज हुआ। श्री दिगम्बर जैन चंद्रगिरी तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के अध्यक्ष सेठ सिंघई श्री किशोर जैन ने छत्तीसगढ़ के राजनंदगांव, दुर्ग, भिलाई, रायपुर, तिल्दा, बिलासपुर, भाटापारा, अकलतरा, आदि एवं अन्य प्रदेश से आये सभी दिगम्बर जैन समाज के पदाधिकारियों को धन्यवाद दिया कि उन्होंने सम्पूर्ण समाज के साथ अपनी उपस्थिति दी एवं उक्त कार्यक्रम को सफल बनाया। **-निशांत जैन**

# प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने जशपुर में एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय का किया वर्चुअली लोकार्पण एवं भूमिपूजन

## ग्राम सुखरापारा, पत्थलगांव में एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय का प्रधानमंत्री ने किया वर्चुअली लोकार्पण




**रायपुर (विश्व परिवार)।** राष्ट्रपिता महात्मा गांधी और पूर्व प्रधानमंत्री स्व. श्री लाल बहादुर शास्त्री के जयंती के अवसर पर आज प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी ने झारखंड के हजारीबाग से जशपुर जिले में एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय सुखरापारा, विकासखंड पत्थलगांव का वर्चुअली लोकार्पण किया। इसके साथ ही प्रधानमंत्री श्री मोदी ने ग्राम ढुढरूडांड़, विकासखंड कांसाबेल और विकासखंड फरसाबहार में एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय का वर्चुअली भूमिपूजन भी किया। आदिवासी विद्यार्थियों की अच्छी शिक्षा के लिए प्रधानमंत्री श्री मोदी ने झारखंड से देश में वर्चुअली तौर पर 1726.2 करोड़ की लागत के 40 एकलव्य आवासीय विद्यालयों का लोकार्पण और 1108.2 करोड़ की लागत के 25 भवनों का शिलान्यास भी किया। इनमें से छत्तीसगढ़ के 04 एकलव्य आवासीय भवनों का लोकार्पण और 03 का शिलान्यास शामिल है। सरगुजा विकास प्राधिकरण की उपाध्यक्ष और पत्थलगांव विधायक श्रीमती गोमती साय ने एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय सुखरापारा का प्रतीकात्मक तौर पर लोकार्पण किया। इस अवसर पर उन्होंने विद्यालय परिसर में एक पेड़ मां के नाम के सार्थक सन्देश के साथ आम का पौधा का रोपण भी किया। झारखंड से वर्चुअली तौर पर संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री श्री मोदी ने भारत के लोगों को आज की परियोजनाओं के लिए बधाई दी।

# गांधी जयंती पर प्रधानमंत्री मोदी ने स्वच्छता गतिविधियों में भाग लिया



**नई दिल्ली (आरएनएस)।** गांधी जयंती के अवसर पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बुधवार को स्वच्छता संबंधित गतिविधियों में भाग लेकर स्वच्छता अभियान को आगे बढ़ाने का संदेश दिया। प्रधानमंत्री मोदी ने अपने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' पर स्वच्छता गतिविधियों की कुछ तस्वीरें शेयर की और कैप्शन में लिखा, आज, गांधी जयंती पर, मैंने अपने युवा दोस्तों के साथ स्वच्छता से संबंधित गतिविधियों में भाग लिया। मैं आप सभी से आग्रह करता हूं कि आप भी दिन के दौरान किसी न किसी गतिविधि में भाग लें और साथ ही, स्वच्छ भारत मिशन को मजबूत करते रहें।

पीएम मोदी ने एक दूसरे पोस्ट में लिखा, आज हम स्वच्छ भारत के 10 वर्ष पूरे होने का जश्न मना रहे हैं, जो भारत को स्वच्छ बनाने और बेहतर स्वच्छता सुविधाएं सुनिश्चित करने का एक महत्वपूर्ण सामूहिक प्रयास है। मैं उन सभी लोगों को सलाम करता हूं जिन्होंने इस आंदोलन को सफल बनाने के लिए काम किया है। इसके अलावा प्रधानमंत्री मोदी ने लाल बहादुर शास्त्री और महात्मा गांधी की जयंती पर 'एक्स' पर उन्हें श्रद्धांजलि भी दी। पीएम मोदी ने लिखा, देश के जवान, किसान और स्वाभिमान के लिए अपना जीवन समर्पित करने वाले पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री को उनकी जयंती पर आदरपूर्ण श्रद्धांजलि। एक दूसरे पोस्ट में उन्होंने लिखा, सभी देशवासियों की ओर से पूज्य बापू को उनकी जन्म-जयंती पर शत-शत नमन। सत्य, सद्भाव और समानता पर आधारित उनका जीवन और आदर्श देशवासियों के लिए सदैव प्रेरणापुंज बना रहेगा।

# मासिक पूजन, उपवास करने वाले दम्पत्तियों का सम्मान कार्यक्रम बड़े जैन मंदिर गढ़ा में सम्पन्न



**जबलपुर (विश्व परिवार)।** आज दिगम्बर जैन सोशल ग्रुप नगर का मासिक पूजन,क्षमा वाणी,उपवास सम्मान समारोह एवं मैत्री भोज का कार्यक्रम बड़े जैन मंदिर गढ़ा में बहुत ही गरिमामयी तरह से भव्यता के साथ संपन्न हुआ।

सर्वप्रथम गढ़ा मंदिर कमेटी के ट्रस्टी भाई संजीव,अध्यक्ष अशोक जी,सचिव विवेक जी ,सरंक्षक रमेश जी ,प्रबंधक प्रभात जी व सभी कमेटी सदस्यों ने सम्पूर्ण व्यवस्था की ग्रुप द्वारा उन्हें सम्मानित किया गया, नगर ग्रुप की स्वर कोकिला साधना भाभी और उनकी पूरी मंडली ने पूर्ण भक्ति भाव से अभिषेक पूजन व आरती सम्पन्न करवाई जिसमे सौधर्म इंद्र का पद का सौभाग्य भाई सुधीर,प्रवीण,नीलेश और अनिल जी को प्राप्त हुआ, पूजन अभिषेक व्यवस्था में प्रफुल्ल भैया,अंकित और राजेश मोदी द्वारा सराहनीय सहयोग दिया गया।,स्पष्ट और प्रभावी शान्तिधारा का वाचन भाई अजित नायक ने किया ।

क्षमावाणी पर्व एवं 2 उपवास से लेकर 10 उपवास करने वाले दम्पति सदस्यों का सम्मान हुआ। ग्रुप सदस्याओं साधना दिलीप , साधना मनोज ,रितु राविज,पूजा सनद एवं अनुपमा अनिल द्वारा प्रारंभिक मंगलाचरण के सस्वर पाठ से कार्यक्रम का शुभारंभ हुआ।पश्चात आचार्यश्री के चित्र समक्ष दीप प्रज्वलन किया गया, पंकज ने अपने विद्वतापूर्ण संचालन से क्षमावाणी व उपवास सम्मान को एक नई ऊँचाई प्रदान की,अजय, पराग और मनीष ,संजय सखी ने मंच व्यवस्था सँभाली नगर ग्रुप के धर्म परायण ,तप धारण करने वाले दम्पति सदस्य और बच्चो जिन्होंने विगत सम्पन्न पर्युषण पर्व पर 2 उपवास से लेकर 10 निर्जला उपवास किये है उनका सम्मान कर हम स्वयं सम्मानित हुए।

भाई संजय चौधरी जी ने बड़े जैन मंदिर, गढ़ा के अतिशय का प्रामाणिक वृतांत प्रस्तुत करते हुए बतलाया कि इस मंदिर जी के गुम्बज के दर्शन मात्र से बुरे ग्रह शांत होते है, साथ ही मन्दिर जी से जुड़ी अनेक तथ्यात्मक जानकारियां भी साझा की, अंत में सभी सुधि सदस्यों ने बड़ी संख्या में उपस्थित होकर कार्यक्रम की गरिमा बढाई, क्षमावाणी के इस पावन अवसर पर अध्यक्ष ष्ट मनोज जैन,राविज जैन अरविंद जैन ने आज की उपस्थिति पर ग्रुप के समस्त दम्पति सदस्यों को धन्यवाद दिया एवं क्षमा बंदन किया।

**-चौधरी संजय डॉ.चंद्रा जैन**

प्रकाशक, मुद्रक, स्वामी प्रियेश कुमार जैन द्वारा मे. विश्व परिवार इंडस्ट्रीज, प्लॉट नं.-421 सेक्टर-सी, सड़क नं.-7 उरला इंडस्ट्रीयल एरिया उरला, रायपुर (छ.ग.) से मुद्रित एवं ओलंपस जिम के पीछे, सेक्टर-1, शंकर नगर रायपुर (छ.ग.) से प्रकाशित। संपादक : प्रदीप कुमार जैन, फोन नं. : 0771- 4017966, मो.- 9981924252 RNI.NO.CHHHIN/2013/50354

## संक्षिप्त समाचार

### कांग्रेस-भाजपा पार्षद के बीच जमकर चले लात-घूंते

**राजनांदगांव(विश्व परिवार)।** नगर निगम में सामान्य सभा की बैठक में भाजपा और कांग्रेस के पार्षद के बीच जमकर हाथापाई हुई। बैठक में 11 विषयों पर चर्चा होनी थी। सुबह साढ़े दस बजे से शुरू हुई बैठक की शुरुआत बहुत ही हंगामेदार रही। शहर में पेयजल आपूर्ति व्यवस्था सहित कर्मचारियों के वेतन भुगतान नहीं कर पाने को लेकर भाजपा और कांग्रेस के पार्षदों ने निगम प्रशासन को घेरा। वहीं, भाजपा पार्षद गगन आइच के उद्बोधन को लेकर कांग्रेस के वरिष्ठ पार्षद कुलबीर सिंह छाबड़ा ने आपत्ति की, जिसको लेकर दोनों दल के पार्षदों ने हंगामा कर दिया। उसके बाद सदन को 15 मिनट के लिए स्थगित किया गया। हंगाम के बीच बसंतपुर राजीव नगर वार्ड के पार्षद ऋषि शास्त्री सदन से बाहर निकलकर सभा हॉल के गेट के सामने ही धरने पर बैठ गए। उन्होंने अपने वार्ड की समस्याओं की अनदेखी करने का आरोप निगम अधिकारियों पर लगाया। मध्यांतर के बाद सदन जैसे ही शुरू हुआ तिरंगा चौक से गंज चौक के बीच मार्ग के नामकरण को लेकर भाजपा और कांग्रेस पार्षद आपस में ही भिड़ गए। भाजपा पार्षद शरद सिन्हा और कांग्रेस पार्षद गणेश पवार के बीच हाथापाई हो गई। मारपीट के दौरान बीच बचाव करने वाले पार्षद भी हाथापाई के शिकार हो गए। गहमा गहमी जैसी स्थिति के बाद पुलिस निगम पहुंच गई। मारपीट के कारण सदन 20 मिनट स्थगित रहा। उसके बाद समझाइश देकर माहौल शांत कराया गया।

### छेड़छाड़ का आरोपी पहुंचा जेल

**राजनांदगांव(विश्व परिवार)।** प्रार्थिया थाना हाजिर आकर आवेदन पेश कर रिपोर्ट दर्ज करायी कि ग्राम फरहद निवासी गुलशन देवांगन प्रार्थिया को बहुत प्यार करता हूं कहकर बुरी नियत से हाथ बांह पकड़कर मुझसे इसी तरह मिल अपने पति को मत बताना कहकर गंदी-गंदी बात करने लगा, तब प्रार्थिया जाने लगा तब आरोपी द्वारा तुम किसी को कुछ नहीं बताओंगे कहकर परिवार वालों का कसम देने लगा और छोड़ा इन सब घटना के बारे में प्रार्थिया अपने परिवार को बताई तो प्रार्थिया के पति द्वारा गुलशन को फोन कर घर बुलाने पर वह फरसा लेकर घर आया और प्रार्थिया के परिवार वालों को फरसा लेकर जान से मारने के लिए दौड़ाने लगा जिसे प्रार्थिया व उसकी सास बीच बचाव किये जो आरोपी गुलशन द्वारा थाना में रिपोर्ट लिखाओगे तो तुम्हारे पति एवं परिवार को जान से मार दूंगा कहकर धमकी देने लगा कि रिपोर्ट पर धारा सदर का अपराध घटित करना पाये जाने से थाना लालबाग में अपराध क्रमांक 444/2024 धारा 74,75,351(3) बीएनएस कायम कर विवेचना में लिया गया। मामला गंभीर प्रकृति का होने से कायमी की सुचना जिले के वरिष्ठ अधिकारीगण को अवगत कराया गया एवं पुलिस अधीक्षक राजनांदगांव मोहित गर्ग, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक राहुल देव शर्मा, नगर पुलिस अधीक्षक पुष्पेन्द्र नायक के दिशानिर्देश पर थाना प्रभारी लालबाग निरीक्षक नवरतन कश्यप के नेतृत्व में टीम गठित किया जाकर दौरान विवेचना के आरोपी गुलशन देवांगन पिता स्व0 सोहन देवांगन उम्र 22 वर्ष निवासी ग्राम फरहद थाना लालबाग जिला राजनांदगांव को हिरासत में लेकर पूछताछ करने पर जुर्म श्वीकर करने पर आरोपी को गिरफ्तार कर घटना में प्रयुक्त फरसा को जप्त कर प्रकरण में धारा 25,27 आर्म्स एक्ट जोड़ा गया। आरोपी की गिरफ्तारी की सुचना परिजनो को दिया जाकर न्यायिक रिमांड पर भेजा गया। सम्पूर्ण कार्यवाही में उप निरीक्षक गीतांजली सिन्हा, आर0 राकेश, कमलकिशोर की सराहनीय भूमिका रही।

### प्राचीन वनस्पतियों का समृद्ध एवं असाधारण जीवंत संग्रह है दंतेवाड़ा का बचेली वन क्षेत्र

**दंतेवाड़ा(विश्व परिवार)।** छत्तीसगढ़ वन विभाग ने हाल ही में पारिस्थितिकीय रूप से बेहद महत्वपूर्ण वन क्षेत्र की पहचान की है, जो दंतेवाड़ा वन मंडल के बचेली वन परिक्षेत्र में स्थित है और यह वन क्षेत्र बीजापुर के गंगालूर वन परिक्षेत्र तक फैला हुआ है। इस विशेष वन क्षेत्र में कई प्राचीन वनस्पतियों की प्रजातियां पाई गई है, जो छत्तीसगढ़ राज्य की असाधारण जैव विविधता को प्रदर्शित करता है। इस क्षेत्र को वैज्ञानिकों और वन अधिकारियों ने जैव विविधता के लिए अत्यधिक समृद्ध और महत्वपूर्ण माना है। विशेषज्ञों के अनुसार, यह खोज न केवल इस क्षेत्र के पर्यावरणीय महत्व को दर्शाती है, बल्कि भविष्य में वन अनुसंधान और संरक्षण के प्रयासों को भी नई दिशा देगी। इस क्रम में मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने इस क्षेत्र की जैव विविधता को संरक्षित करने और वन अनुसंधान को बढ़ावा देने पर जोर दिया है। उन्होंने कहा कि इस खोज से राज्य को पर्यावरण संरक्षण के क्षेत्र में एक नई पहचान मिलेगी। सरकार इस क्षेत्र में शोध और अध्ययन के लिए विशेष प्रोत्साहन देगी, ताकि इन दुर्लभ प्रजातियों को संरक्षित रखा जा सके। वन विभाग के अधिकारियों के अनुसार, यह दुर्लभ वन क्षेत्र विशेष रूप से उन पौधों की प्रजातियों का घर है, जो करोड़ों साल पहले के समय में अस्तित्व में थीं। अब यह क्षेत्र न केवल वैज्ञानिक अध्ययन के लिए बल्कि पर्यटन के लिए भी आकर्षण का केंद्र बन सकता है।

# युवाओं का ड्रायविंग लायसेंस बनाने ब्लॉक स्तर पर भी आरटीओ कैम्प लगाएं- कलेक्टर

**समय-सीमा की साप्ताहिक समीक्षा बैठक में कलेक्टर ने ली प्रगति की जानकारी**



**कांकेर(विश्व परिवार)।** कलेक्टर निलेशकुमार महादेव क्षीरसागर ने आज समय-सीमा की साप्ताहिक बैठक लेकर विभिन्न विभागों में लंबित प्रकरणों की समीक्षा की। साथ ही उनके निराकरण के लिए आवश्यक कार्यवाही करने के निर्देश दिए। उन्होंने जिला मुख्यालय कांकेर की तर्ज पर ब्लॉक मुख्यालयों में भी ड्रायविंग लायसेंस बनाने हेतु शिविर आयोजित करने के निर्देश जिला परिवहन अधिकारी को दिए, ताकि दूरस्थ क्षेत्रों में निवासरत युवाओं को लायसेंस बनवाने में सुविधा हो। जिला कार्यालय के सभाकक्ष में आज प्रात: 10.30 बजे से आयोजित समय-सीमा की बैठक में कलेक्टर ने सीजीएमएससी के द्वारा बड़ी संख्या में किए जा रहे निर्माण कार्यों की धीमी गति पर नाराजगी जाहिर करते हुए उन्हें शीघ्रता से पूरी गुणवत्ता के साथ पूर्ण करने के निर्देश दिए। इसी तरह बारिश के मौसम में खराब हो चुकी मरम्मत योग्य सड़कों का सुधार जल्द से जल्द संबंधित एजेंसी द्वारा कराए जाने के लिए प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के कार्यपालन अभियंता को निर्देशित किया। बैठक में कलेक्टर ने अपलेखन योग्य वाहनों की सही जानकारी नहीं देने पर नाराजगी जाहिर करते हुए अधिकारियों से कहा कि यदि भ्रमण के दौरान किसी कार्यालय परिसर में ऐसे वाहन नजर आए तो संबंधित अधिकारी के खिलाफ सख्ती से कार्यवाही की जाएगी। ठोस अपशिष्ट पदार्थ प्रबंधन की समीक्षा करते हुए न्यून प्रगति वाले विकासखण्ड के सीईओ को निर्देशित किया कि इसे गंभीरता से नहीं लेने वाले विकास विस्तार अधिकारियों एवं सहायकों को तत्काल कारण बताओ नोटिस जारी करें। इसी तरह प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत् किश्त की राशि जारी होने के बाद भी निर्माण कार्य प्रारंभ नहीं होने पर असंतुष्टि जाहिर करते हुए कलेक्टर ने सभी जनपद सीईओ को व्यक्तिगत रूचि लेते हुए स्थल निरीक्षण करने व शीघ्रता से कार्य शुरू कराने हेतु निर्देशित किया। इसके अलावा ओबीसी सर्वे में लक्ष्य के विरूद्ध कम उपलब्धि वाले ब्लॉकों में सर्वे कार्य में तेजी लाने के लिए कहा। इसी तरह सभी अधूरे निर्माण कार्य को जल्द पूर्ण कराने, नियद नेल्लानार योजना, मुख्यमंत्री स्कूल जतन योजना, पोषण पुनर्वास केन्द्रों में बेड ऑक्यूपेंसी, पंचायत एवं ग्रामीण विकास, राजस्व विभाग, पुलिस, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी, स्वास्थ्य, कृषि, उद्योग, आदिवासी विकास, स्कूल शिक्षा, विद्युत, लोक निर्माण विभाग, वन, सेतु निर्माण सहित विभिन्न विभागों में लंबित प्रकरणों की समीक्षा करते हुए उनके गुणवत्तापूर्ण निराकरण करने के लिए संबंधित विभाग के अधिकारियों को निर्देशित किया। इस अवसर पर डीएफओ आलोक वाजपेयी, हेमंचद पहारे, जिला पंचायत सीईओ सुमित अग्रवाल, एडीएम एस. अहिरवार, बी.एस. उइके, जितेन्द्र कुर्रे सहित विभिन्न विभागों के जिला स्तरीय अधिकारीगण मौजूद रहे।

# विधवा महिला जानकी बाई ने जनदर्शन में राशन कार्ड के लिए लगाई गुहार

**जनदर्शन के दौरान ही मिल गया नया राशन कार्ड**

**गरियाबंद(विश्व परिवार)।** लोगों की समस्याओं के समाधान के लिए प्रति सप्ताह मंगलवार को संयुक्त जिला कार्यालय में कलेक्टर जनदर्शन का आयोजन किया जाता है। इसमें जिले के विभिन्न क्षेत्रों एवं दूर-दराज इलाकों से भी लोग जनदर्शन में आकर कलेक्टर दीपक अग्रवाल को अपनी समस्याओं से संबंधित आवेदन देते है। कलेक्टर अग्रवाल आवेदनों का संवेदनशीलता के साथ संज्ञान में लेकर आवश्यक निराकरण के लिए संबंधित विभाग के अधिकारियों को निर्देशित करते है। जिससे लोगों की समस्याओं का समाधान होता है। इसी कड़ी में आज आयोजित जनदर्शन में ग्राम पंचायत बेंदकुरा की रहने वाली विधवा महिला जानकी बाई को नये राशन कार्ड का लाभ मिल गया। अब उन्हें पात्रता अनुसार 35 किलोग्राम चावल सहित अन्य राशन सामग्री जैसे चना नमक एवं शक्कर भी मिलेगी। दरअसल जानकी बाई ने प्राथमिकता राशन कार्ड को अंत्योदय राशन कार्ड में परिवर्तन में लिए जनदर्शन में आवेदन प्रस्तुत किया। कलेक्टर के निर्देश पर आज अपर कलेक्टर अरविंद पाण्डेय ने जनदर्शन में लोगों के आवेदन स्वीकार किये। जानकी बाई द्वारा प्रस्तुत आवेदन को गंभीरतापूर्वक संज्ञान में लेते हुए एडीएम ने तत्काल खाद्य विभाग के अधिकारी को राशन कार्ड बनाने हेतु निर्देशित किया। खाद्य विभाग द्वारा आवश्यक कार्यवाही करते हुए पात्रता अनुसार विधवा महिला एवं एकांकी के आधार पर अंत्योदय राशन कार्ड जारी कर दिया गया। नवीन राशन कार्ड को जनदर्शन में ही अपर कलेक्टर पाण्डेय ने हितग्राही महिला जानकी बाई को सौप दिया। नया राशन कार्ड मिल जाने से जानकी बाई अत्यंत खुश हो गई। उन्होंने प्रसन्नता के साथ जिला प्रशासन का आभार जताया। उन्होंने कहा कि जनदर्शन में आने से मेरी समस्या का तत्काल समाधान हो गया। नया राशनकार्ड बन जाने से अब शासकीय राशन लेने में परेशानी नहीं होगी। उल्लेखनीय है कि आज जनदर्शन में विभिन्न समस्याओं एवं मांगों से संबंधित 91 आवेदन प्राप्त हुए। एडीएम पाण्डेय ने सभी प्राप्त आवेदनों का आवश्यक निराकरण करने के निर्देश विभागीय अधिकारियों को दिये।

## अंतर्राष्ट्रीय वृद्धजन दिवस पर वरिष्ठ नागरिकों, दिव्यांगजनों का विधायक ने शाल वस्त्रम और फल देकर किया सम्मान

**बुजुर्ग माता-पिता का आशीर्वाद ही सर्वोपरि है- अटामी**

**दंतेवाड़ा(विश्व परिवार)।** वैसे तो वरिष्ठ जनों का सम्मान हर दिन, हर पल हमारे मन में होना चाहिए, लेकिन उनके प्रति मन में हुए इस सम्मान को व्यक्त करते के लिए एवं बुजुर्गों की देखभाल, उनके स्वास्थ्य, सुरक्षा सुनिश्चित करने की दिशा में और आम जनों को इस विषय में चिंतन की आवश्यकता के लिए विशेष तौर पर 01 अक्टूबर को अंतर्राष्ट्रीय वृद्धजन दिवस में मनाया जाता है। इस कड़ी में जिला प्रशासन एवं समाज कल्याण विभाग द्वारा जिले में वरिष्ठ नागरिकों का सम्मान, स्वास्थ्य जागरूकता शिविर का आयोजन मुख्यालय के इंडोर स्टेडियम, हाई स्कूल ग्राउंड में किया गया था। इस आयोजित कार्यक्रम में सभी ब्लॉक मुख्यालय एवं नगरीय निकाय से लगभग 500 वृद्धजन, वरिष्ठ नागरिक गण उपस्थित थे। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में स्थानीय विधायक चैतराम अटामी ने उपस्थित जनों को संबोधित करते हुए कहा कि माता-पिता की सेवा हमारा पहला कर्तव्य है। भारतीय परंपरा में बुजुर्ग माता-पिता का आशीर्वाद ही सर्वोपरि है। अत: मुख्यालय में अंतर्राष्ट्रीय वृद्धजन दिवस पर वृद्धों के सम्मान का कार्यक्रम आयोजित किया गया है। और हमने उन्हें सम्मानित उनका आशीर्वाद प्राप्त किया। साथ ही उन्होंने आमजनों से अपील किया कि घर परिवार के शुभ अवसर पर अपने घर के वृद्धजनों के साथ कुछ समय अवश्य बताएं और उनके अनुभव और मार्गदर्शन का लाभ लेवें। जिसमें 15 दिव्यांगजनों को बैटरी चलित ट्रायसायकल, 3 हितग्राहियों को सामान्य ट्राई साइकिल, 8 हितग्राहियों को व्हील चेयर तथा 31 वरिष्ठ नागरिकों को श्रवण यन्त्र एवं 50 नग छड़ी विधायक के द्वारा प्रदाय किया गया। इस मौके पर कलेक्टर मयंक चतुर्वेदी सहित जनप्रतिनिधि, उप संचालक समाज कल्याण विभाग संतोष टोप्पो तथा अन्य अधिकारी-कर्मचारीगण उपस्थित थे।

## अपर कलेक्टर मारकण्डेय ने माँ बम्लेश्वरी देवी मंदिर डोंगरगढ़ में क्वांर नवरात्रि मेला पर्व की तैयारी का किया निरीक्षण

**रोपवे का किया ट्रायल, मंदिर परिसर में साफसफाई एवं अन्य व्यवस्था का लिया जायजा**

**राजनांदगांव(विश्व परिवार)।** कलेक्टर संजय अग्रवाल के निर्देश पर अपर कलेक्टर सीएल मारकण्डेय ने आज माँ बम्लेश्वरी देवी मंदिर डोंगरगढ़ में 3 से 12 अक्टूबर 2024 तक चलने वाली क्वांर नवरात्रि मेला पर्व की तैयारी का निरीक्षण किया। अपर कलेक्टर ने रोपवे का ट्रायल लिया तथा बधियाटोला अंडर ब्रिज में पानी में रेत से आने-जाने का मार्ग बनाया गया है उसका अवलोकन किया। उन्होंने माँ बम्लेश्वरी के नीचे मंदिर एवं ऊपर मंदिर का निरीक्षण किया। उन्होंने मंदिर परिसर में पेयजल, साफसफाई, ठहरने की व्यवस्था सहित अन्य व्यवस्था का अवलोकन किया तथा आवश्यक निर्देश दिए। उन्होंने विभिन्न सेवा पंडाल में आवश्यक सुविधाएं, डोंगरगढ़ मेला स्थल में साफसफाई, पार्किंग व्यवस्था सहित अन्य व्यवस्था सुनिश्चित करने के लिए कहा। उन्होंने स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों को पर्याप्त मात्रा में आवश्यक दवाई रखने के लिए कहा। इस अवसर पर माँ बम्लेश्वरी देवी मंदिर ट्रस्ट के अध्यक्ष मनोज अग्रवाल, एसडीएम डोंगरगढ़ मनोज मरकाम, थाना प्रभारी जितेंद्र साहू, ब्लॉक मेडिकल ऑफिसर डॉ. एक्का, सीएमओ डोंगरगढ़ चंद्रकांत शर्मा, सीएमओ लाल बहादुर नगर दुबे, खाद्य सुरक्षा एवं औषधि निरीक्षक डोमेन्द्र ध्रुव, उप अभियंता नगर पंचायत डोंगरगढ़ रितेश स्थापक, नायब तहसीलदार मेघा जैन सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

# स्वच्छता हमारे जीवन के लिए अमूल्य, दूसरों को भी करें प्रेरित - सांसद महेश कश्यप

**स्वच्छता ही सेवा पखवाड़ा के तहत सांसद ने दिलाई स्वच्छता की शपथ**

**जगदलपुर(विश्व परिवार)।** धरमपुरा स्थित क्रीड़ा परिसर में 'स्वच्छता ही सेवा' पखवाड़ा के तहत आयोजित जिला स्तरीय कार्यक्रम में सांसद महेश कश्यप ने नागरिकों को स्वच्छता की शपथ दिलाई। कार्यक्रम में महापौर श्रीमती सफीरा साहू, पार्षदगण, कलेक्टर हरिस एस, सीईओ जिला पंचायत प्रकाश सर्वे, आयुक्त नगर निगम हरेश मंडावी और गणमान्य नागरिक, अधिकारी-कर्मचारी, शिक्षक-शिक्षिकाएं, बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं एवं नगर निगम के स्वच्छता दीदियां भी शामिल हुए। इस दौरान क्रीड़ा परिसर एवं कन्या पॉलिटेक्नीक परिसर की साफ-सफाई किया गया। वहीं छात्र-छात्राओं ने मानव श्रृंखला के जरिए बस्तर एवं गांधी जी के चश्मे की प्रतिकृति बनाकर स्वच्छता का संदेश दिया। इस मौके पर सांसद ने कहा कि राष्ट्रपिता महात्मा गांधी ने स्वच्छता एवं साफ-सफाई को मानव जीवन का जरूरी हिस्सा मानकर इसे पूरे देशवासियों को अपनाने के लिए प्रेरित किया। पूज्य बापूजी की यह प्रेरणास्पद पहल हमारे जीवन के लिए अमूल्य है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी बापूजी की इस पहल को हर व्यक्ति तक पहुंचाने के लिए हरसंभव प्रयास कर रहे हैं। वहीं अन्य लोगों को भी हमें स्वच्छता एवं साफ-सफाई के लिए प्रति प्रोत्साहित करना है। इस मौके पर महापौर श्रीमती सफीरा साहू ने भी उपस्थित सभी लोगों को स्वच्छता एवं साफ-सफाई की दिशा में सजग रहकर सहभागी बनने का आग्रह किया। ज्ञात हो कि 17 सितंबर से 02 अक्तूबर तक स्वच्छता ही सेवा पखवाड़ा के तहत 'स्वभाव स्वच्छता-संस्कार स्वच्छता' की थीम पर राज्य के सभी 184 नगरीय निकायों में विशेष स्वच्छता अभियान चलाया जा रहा है।

# साप्ताहिक जनदर्शन में जिले के फरियादियों से मिले 62 आवेदन

**कलेक्टर ने संबंधित अधिकारियों को निराकरण करने दिए निर्देश**




**कांकेर(विश्व परिवार)।** कलेक्टर निलेश कुमार महादेव क्षीरसागर ने आज जिला कार्यालय में आयोजित साप्ताहिक जनदर्शन में आवेदकों की समस्याएं सुनीं और उनके निराकरण हेतु संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया। आज आयोजित कलेक्टर जनदर्शन में समूह की महिलाओं ने शासकीय उचित मूल्य की दुकान संचालित करने, नवीन धान खरीदी केन्द्र खोलने, नदी तक पिचिंग वॉल बनवाने, अनुकम्पा नियुक्ति दिलाने, पुलिया स्वीकृति, वृद्धावस्था पेंशन, आवासीय मकान दिलाने, रोजगार प्रदान करने, राशन कार्ड बनाने तथा विभिन्न प्रकार की मांगों व समस्याओं से संबंधित कुल 62 आवेदन जिले के फरियादियों से प्राप्त हुए। जिला कार्यालय के सभाकक्ष में आयोजित कलेक्टर जनदर्शन में चारामा तहसील के ग्राम भुईगांव को नवीन ग्राम पंचायत बनाने, ग्राम पंचायत सुखई में नवीन धान खरीदी केन्द्र खोलने, ग्राम पंचायत सम्बलपुर में महतारी वंदन योजना अंतर्गत छूटे हेए पात्र हितग्राहियों को लाभ दिलाने, पहुंच मार्ग निर्माण करने, पीडब्ल्यूडी और पीएचई के कार्यों में हो रही देरी तथा अनियमितताओं की जांच कराने और मूलभूत सुविधा हेतु विभिन्न निर्माण कार्यों की स्वीकृति प्रदान करने के संबंध में आवेदन प्राप्त किया गया। इसी प्रकार ग्राम सिरसिदा में जलाशय से नदी तक पिचिंग वॉल बनाने, ग्राम उसेली में महिला स्व-सहायता समूह द्वारा शासकीय उचित मूल्य की दुकान संचालन करने, सरस्वती, बसंता बाई द्वारा नवीन राशन कार्ड बनवाने, जगदीश द्वारा प्रधानमंत्री आवास दिलाने, हिमांशु निषाद द्वारा अनुकंपा नियुक्ति दिलाने सहित विभिन्न समस्याओं एवं मांगों को लेकर आवेदन प्राप्त हुए।

## साहू समाज ने किया वृद्धजनों का सम्मान

**धमतरी(विश्व परिवार)।** साहू समाज धमतरी के पदाधिकारियों द्वारा अन्तर्राष्ट्रीय वृद्धजन दिवस पर वृद्धाआश्रम रुद्री में जाकर वृद्धजनों का पूजा-आरती कर फल, साड़ी, शॉल एवं श्रीफल भेंटकर सम्मान किया गया। जिला साहू संघ धमतरी के अध्यक्ष अवनेंद्र साहू ने कहा कि बुजुर्ग हमारे लिए ईश्वर का अवतार होते हैं द्य उनका आशीर्वाद सदैव हमारे साथ होता हैद्य वृद्धजनों के प्रति हम सभी के मन में सम्मान और अटूट प्रेम के साथ ही उम्र के अंतिम पड़ाव में जब वे असहाय और अक्षम होते हैं तो उनके साथ होना, उनकी सेवा करना अधिक महत्वपूर्ण है और यह सबकी नैतिक कर्तव्य है द्य अंतर्राष्ट्रीय वृद्धजन दिवस हमारे वरिष्ठ नागरिकों के द्वारा दिए गए योगदान एवं उनके कल्याण हेतु समर्पित होकर सेवा कार्य करने का अवसर प्रदान करता है। इस अवसर पर जिला उपाध्यक्ष तोरण साहू ,श्रीमती केकती साहू,महिला प्रकोष्ठ अध्यक्ष चंद्रकला साहू,तहसील अध्यक्ष गोपाल साहू,यूवा प्रकोष्ठ अध्यक्ष पवन गजपाल,प्रदेश न्याय प्रकोष्ठ सदस्य परामर्शदाता गजानंद साहूभगवताचार्य देवी भूमिका जी,परिक्षेत्र अध्यक्ष राजेंद्र साहू,मनोज साहू,कल्याण साहू ,भीषण साहू उपस्थित थे।

## व्यापार समाचार

### छोटी बचत योजनाओं पर अक्टूबर-दिसंबर तिमाही में समान रहेगी ब्याज दर

**नई दिल्ली( एजेंसी )।** केंद्र सरकार की ओर से अक्टूबर से दिसंबर की अवधि के लिए छोटी बचत योजनाओं जैसे पब्लिक प्रोविडेंट फंड (पीपीएफ) और सुकन्या समृद्धि योजना (एसएसवाई) की ब्याज दरों में कोई बदलाव नहीं गया है। सरकार के इस फैसले के बाद छोटी बचत योजनाओं पर जुलाई से सितंबर की अवधि में मिल रही ब्याज दर ही जारी रहेगी। वित्त मंत्रालय की ओर से जारी किए गए नोटिफिकेशन में कहा गया कि वित्त वर्ष 2024-25 की तीसरी तिमाही यानी 1 अक्टूबर, 2024 से लेकर 31 दिसंबर 2024 तक की अवधि के लिए सभी छोटी बचत योजनाओं पर ब्याज दरों में कोई बदलाव नहीं किया गया है। इस दौरान वित्त वर्ष 2024-25 की दूसरी तिमाही (1 जुलाई, 2024 से 30 सितंबर, 2024) के लिए अधिसूचित की गई ब्याज दरें ही लागू रहेंगी। छोटी बचत योजनाओं में पब्लिक प्रोविडेंट फंड (पीपीएफ), सीनियर सिटीजन सेविंग्स स्कीम (एससीएसएस), सुकन्या समृद्धि योजना (एसएसवाई), नेशनल सेविंग सर्टिफिकेट (एनएससी), पोस्ट ऑफिस टाइम डिपॉजिट (पीओटीडी), महिला सम्मान सेविंग्स सर्टिफिकेट (एमएसएससी) किसान विकास पत्र (केवीपी) और पोस्ट ऑफिस मंथली इनकम स्कीम (पीओएमआईएस) को शामिल किया जाता है। छोटी बचत योजनाओं में सबसे अधिक 8.2 प्रतिशत का ब्याज सुकन्या समृद्धि योजना और सीनियर सिटीजन सेविंग्स स्कीम पर मिल रहा है। इसके बाद नेशनल सेविंग्स सर्टिफिकेट पर 7.7 प्रतिशत, किसान विकास पत्र और महिला सम्मान सेविंग्स सर्टिफिकेट पर 7.5 प्रतिशत, मंथली इनकम स्कीम पर 7.4 प्रतिशत और पब्लिक प्रोविडेंट फंड पर 7.1 प्रतिशत का ब्याज मिल रहा है।

### टियर 2 शहरों में सबसे बड़े प्रबंधित कार्यालय स्थान प्रदाता में से एक, देव एक्सेलेरेटर लिमिटेड (डेवएक्स) आईपीओ के माध्यम से रकम जुटाने के लिए सेबी के पास दाखिल किया डीआरएचपी

**रायपुर।** डेव एक्सेलेरेटर लिमिटेड (डेवएक्स) ने आईपीओ के माध्यम से धन जुटाने के लिए बाजार नियामक भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड (सेबी) के साथ अपना ड्राफ्ट रेड हेरिंग प्रॉस्पेक्टस (डीआरएचपी) दायर किया है। डेव एक्सेलेरेटर लिमिटेड (डेवएक्स) को उमेश उत्तमचंदानी, पार्थ शाह, रुशित शाह और देव सूचना प्रौद्योगिकी लिमिटेड द्वारा प्रमोट किया गया है। डेवएक्स परिचालन फ्लेक्स स्टॉक के मामले में टियर 2 बाजारों में सबसे बड़े प्रबंधित स्पेस ऑपरेटर में से एक है, जिसके 6 शहरों में केंद्र हैं। (स्रोत: जेएलएल रिपोर्ट)। उद्यमों के लिए पूर्ण रूप से निर्मित प्रबंधित कार्यालय समाधान में विशेषज्ञता, कंपनी ने भारत में दिल्ली एनसीआर, हैदराबाद, मुंबई, पुणे के टियर 1 बाजारों में 15 उप-बाजारों और अहमदाबाद (गांधीनगर,इंदौर, जयपुर, उदयपुर और वडोदरा सहित), के टियर 2 बाजार में उपस्थिति स्थापित की है। (स्रोत: जेएलएल रिपोर्ट)। डेवएक्स कार्यालय स्थानों की सोर्सिंग, डिजाइनों को अनुकूलित करने, स्थानों को विकसित करने और संपूर्ण परिसंपत्ति प्रबंधन प्रदान करने के लिए टेक्नोलॉजी समाधान प्रदान करने से लेकर एकीकृत सेवाएं प्रदान करता है।

### ट्यूब और पाइप निर्माता स्कोडा ट्यूब्स लिमिटेड ने आईपीओ के माध्यम से रुपये 275 करोड़ जुटाने के लिए ड्राफ्ट पेपर दाखिल किए

**रायपुर।** स्कोडा ट्यूब्स लिमिटेड ने आरंभिक सार्वजनिक निर्गम (आईपीओ) के माध्यम से धन जुटाने के लिए बाजार नियामक भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड (सेबी) के पास अपना ड्राफ्ट रेड हेरिंग प्रॉस्पेक्टस (डीआरएचपी) दाखिल किया है। आईपीओ कुल रुपये 275 करोड़ तक के इक्विटी शेयरों का एक पूरी तरह नया निर्गम है। नए निर्गम से प्राप्त राशि का उपयोग सीमलेस और वेल्डेड ट्यूब और पाइप की उत्पादन क्षमता का विस्तार करने, कंपनी की कार्यशील पूंजी आवश्यकताओं को पूरा करने और सामान्य कॉर्पोरेट उद्देश्यों के लिए पूंजीगत व्यय के लिए किया जाएगा। कंपनी भारत में स्थित एक स्टेनलेस-स्टील ट्यूब और पाइप निर्माता है, जिसे 14 वर्षों से अधिक का अनुभव है। उत्पादों को मोटे तौर पर इस प्रकार वर्गीकृत किया गया है: (द्व) सीमलेस ट्यूब/पाइप; और (द्वद्व) वेल्डेड ट्यूब और पाइप, पाँच (5) उत्पाद लाइनों के अंतर्गत, अर्थात, (द्व) स्टेनलेस स्टील सीमलेस पाइप; (द्वद्व) स्टेनलेस स्टील सीमलेस ट्यूब; (द्वद्वद्व) स्टेनलेस स्टील सीमलेस यू ट्यूब; (द्व1) स्टेनलेस स्टील इंस्ट्रूमेंटेशन ट्यूब; और (1) स्टेनलेस स्टील वेल्डेड ट्यूब और यू ट्यूब (उत्पाद या स्टेनलेस स्टील उत्पाद)। ये उत्पाद स्कोडा ट्यूब्स लिमिटेड ब्रांड के अंतर्गत हैं। इन उत्पादों का उपयोग इंजीनियरिंग कंपनियों, ईपीसी और तेल और गैस, रसायन, उर्वरक, बिजली, फार्मास्यूटिकल्स, ऑटोमोटिव, रेलवे और परिवहन क्षेत्रों में लगी औद्योगिक कंपनियों जैसे विविध प्रकार के ग्राहकों द्वारा किया जाता है।

### ऑल टाइम प्लास्टिक्स लिमिटेड ने सेबी के समक्ष डीआरएचपी दाखिल किया

**रायपुर।** ऑल टाइम प्लास्टिक्स लिमिटेड ने बाजार नियामक भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड (सेबी) के पास अपना ड्राफ्ट रेड हेरिंग प्रॉस्पेक्टस (डीआरएचपी) दाखिल कर दिया है। कंपनी 350 करोड़ रुपये तक के इक्विटी शेयरों के नए निर्गम और 52,50,000 इक्विटी शेयरों के ऑफर फॉर सेल (ओएफएस) के जरिए धन जुटाने की योजना बना रही है। कंपनी ने शुद्ध आय का उपयोग कंपनी द्वारा लिए गए कुछ बकाया उधारों के सभी या कुछ हिस्से का पूर्व भुगतान या पुनर्भुगतान, जिसकी राशि 120 करोड़ रुपये है, आगामी मानेकपुर सुविधा के लिए 133.73 करोड़ रुपये की राशि के उपकरण और मशीनरी की खरीद और बाकी सामान्य कॉर्पोरेट उद्देश्यों के लिए करने का प्रस्ताव रखा है। कंपनी वित्त वर्ष 2023 के लिए राजस्व के हिसाब से भारत के प्लास्टिक कंज्यूमरवेयर उद्योग में दूसरी सबसे बड़ी बी2बी भागीदार है (स्रोत: टेक्नोपैक रिपोर्ट)।

## शूटिंग: पार्थ राकेश माने ने लीमा जूनियर वर्ल्ड्स में दोहरा स्वर्ण पदक जीता



**लीमा( एजेंसी )।** पार्थ राकेश माने ने 10 मीटर एयर राइफल में व्यक्तिगत स्वर्ण पदक और टीम इवेंट में स्वर्ण पदक जीतकर जूनियर विश्व चैंपियन का खिताब अपने नाम किया। यह मुकाबला इंटरनेशनल शूटिंग स्पोर्ट फेडरेशन (आईएसएसएफ) जूनियर वर्ल्ड चैंपियनशिप में हुआ। पार्थ ने 10 मीटर एयर राइफल व्यक्तिगत खिताब जीतने के बाद, अजय मलिक और अभिनव शॉ के साथ मिलकर पुरुषों की 10 मीटर एयर राइफल टीम इवेंट में भी स्वर्ण पदक जीता। भारत को तीसरा स्वर्ण भी मिला जब गौतमी भानोट, शंभवी क्षीरसागर और अनुष्का ठाकुर ने जूनियर महिला टीम इवेंट में 10 मीटर एयर राइफल में जीत हासिल की। लेकिन दिन की सबसे बड़ी उपलब्धि 16 साल के पार्थ माने की रही। उन्होंने बेहतरीन प्रदर्शन करते हुए 24-शॉट के फाइनल में 250.7 अंक हासिल किए और चीन के मौजूदा जूनियर एशियाई चैंपियन हुआंग लिवानलिन को 0.7 अंकों से पछाड़ दिया। इसके अलावा, अमेरिका के ब्रेडन पीसर ने कांस्य पदक जीता, जबकि पेरिस ओलंपिक के रजत पदक विजेता स्वीडन के विक्टर लिंडग्रेन चौथे स्थान पर रहे। मौजूदा डबल जूनियर विश्व चैंपियन रोमन औफ्रेर छठे स्थान पर रहे। भारत के अन्य निशानेबाजों, अजय मलिक और 15 साल के अभिनव शॉ ने क्रमशः पांचवां और सातवां स्थान हासिल किया। अजय 186.7 अंक के साथ शूट-ऑफ में लिंडग्रेन से हार गए, जबकि अभिनव 144.2 अंक के साथ सातवें स्थान पर रहे। पहले 62 प्रतियोगियों के क्वालीफिकेशन राउंड में, अजय दूसरे स्थान पर (628.8), पार्थ चौथे स्थान पर (627.7) और अभिनव छठे स्थान पर (627.0) रहे। भारत के अन्य दो प्रतियोगी, उमामहेश मड्डिनेनी (625.5) और तलवार सिंह (625.2) ने 13वें और 14वें स्थान पर समाप्त किया। इसके साथ ही पार्थ, अजय और अभिनव की टीम ने कुल 1883.5 अंक हासिल कर अमेरिका (1877.6) और जर्मनी (1873.9) को हराकर टीम स्वर्ण जीत लिया। जूनियर महिला एयर राइफल फाइनल में तीन भारतीय भी पहुंचीं, लेकिन व्यक्तिगत पदक नहीं जीत पाईं। गौतमी भानोट ने शानदार प्रदर्शन कर 634.7 अंकों के साथ 90 प्रतियोगियों में दूसरे स्थान पर क्वालीफाई किया। चीन की वांग जिफेई ने जूनियर विश्व रिकॉर्ड 635.7 अंक के साथ शीर्ष स्थान हासिल किया। शंभवी क्षीरसागर ने चौथे स्थान (632.6) पर और ओजस्वी ठाकुर ने पांचवें स्थान (631.4) पर क्वालीफाई किया। अनुष्का ठाकुर 17वें स्थान पर (627.5) और सौम्या खेड़कर 20वें स्थान पर (627.4) रहीं। गौतमी ने अंतिम मुकाबले में चौथा स्थान हासिल किया, जहां वह कांस्य पदक जीतने वाली अमेरिकी निशानेबाज़ से 0.2 अंक से पीछे रह गईं। उन्होंने 209.3 अंकों के साथ मुकाबला खत्म किया। शांभवी (188.4) पांचवें स्थान पर रहीं और ओजस्वी (146.1) सातवें स्थान पर रहीं। हालांकि, गौतमी और शांभवी ने अनुष्का ठाकुर के साथ मिलकर टीम प्रतियोगिता में बेहतरीन प्रदर्शन किया। उन्होंने अमेरिका को हराकर जूनियर वर्ल्ड टीम रिकॉर्ड स्कोर 1894.8 के साथ स्वर्ण पदक जीता। नॉर्वे तीसरे स्थान पर रहा। भारतीय खिलाड़ियों ने शॉटगन रेंज में जूनियर पुरुष और महिला स्कीट प्रतियोगिता में भी हिस्सा लिया, लेकिन किस्मत ने साथ नहीं दिया। गुरफतेह सिंह संधू ने क्वालीफिकेशन में 112 अंक के साथ 29वां स्थान हासिल किया, जबकि भवतेग सिंह गिल भी 112 अंक के साथ 31वें स्थान पर रहे।

## जडेजा 300+ टेस्ट विकेट लेने वाले बाएं हाथ के पहले भारतीय स्पिनर



### विटोरी-वॉर्न की इस सूची में शामिल

**कानपुर( एजेंसी )।** भारत और बांग्लादेश के बीच कानपुर में खेले जा रहे टेस्ट में रवींद्र जडेजा ने कहर बरपाते हुए तीन विकेट ले लिए हैं। उन्होंने मैच के पांचवें दिन बांग्लादेश की दूसरी पारी में तीन विकेट झटके। जडेजा ने बांग्लादेशी कप्तान नजमुल हुसैन शांतो (19), लिटन दास (1) और शाकिब अल हसन (0) को पवेलियन भेजा। उनके कुल टेस्ट विकेट की संख्या 303 हो गई है। जडेजा ने 300 का आंकड़ा बांग्लादेश की पहली पारी के दौरान छुआ था। उन्होंने खालिद अहमद को आउट कर यह उपलब्धि हासिल की थी। जडेजा इसी के साथ टेस्ट में 300 विकेट लेने वाले पहले बाएं हाथ के भारतीय स्पिनर बन गए हैं। उनसे पहले छह भारतीय गेंदबाजों ने 300 या उससे ज्यादा विकेट लिए हैं, लेकिन इनमें कोई भी बाएं हाथ का स्पिनर नहीं है। जडेजा से पहले अनिल कुंबले (दाएं हाथ के लेग स्पिनर), आर अश्विन (दाएं हाथ के ऑफ स्पिनर), कपिल देव (दाएं हाथ के तेज गेंदबाज), हरभजन सिंह (दाएं हाथ के स्पिनर), ईशांत शर्मा (दाएं हाथ के तेज गेंदबाज) और जहीर खान (बाएं हाथ के तेज गेंदबाज) ने 300 से ज्यादा टेस्ट विकेट लिए हैं। जडेजा इस लिस्ट में एंट्री पाने वाले लेटेस्ट गेंदबाज हैं और वह पहले बाएं हाथ के स्पिनर हैं। जडेजा के बाद बिशन सिंह बेदी का नंबर आता है और उन्होंने 266 विकेट लिए थे।

## डब्ल्यूटीटी चाइना स्मैश: छह बार के ओलंपिक चैंपियन मा राउंड 32 में



**बीजिंग( एजेंसी )।** चीनी टेबल टेनिस आइकन मा लोंग ने सोमवार को यहां विश्व टेबल टेनिस (डब्ल्यूटीटी) चाइना स्मैश में पुरुष एकल के पहले दौर में आसानी से जीत दर्ज की। छह बार के ओलंपिक चैंपियन मा ने अपने दो बेटों का हाथ थामकर मैदान में प्रवेश किया और फिर इंग्लैंड के लियाम पिचफोर्ड पर 11-5, 11-8, 11-7 से जीत दर्ज की और पुरुष एकल के अंतिम 32 में प्रवेश किया। 35 वर्षीय ने कहा, आज का दिन काफी खास था क्योंकि यह पहली बार था जब मेरे बेटों ने मुझे खेलते हुए देखा। यह इस बार प्रतिस्पर्धा करने के लिए मेरी प्रेरणाओं में से एक था। मैं उनके सामने अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करना चाहता था। सिन्हुआ की रिपोर्ट के अनुसार मा ने कहा, मैं पहले भी पिचफोर्ड से हार चुका हूं, इसलिए आज, मैंने पहली गेंद से ही मैच को गंभीरता से लिया और उन पर दबाव बनाया। चीन के लिन गाओयुआन ने ईरान के नोशाद अलामियान को 3-1 से करीबी मुकाबले में हराया। लिन ने जीत के बाद कहा, मुझे लगता है कि मैं उन कठिनाइयों के लिए पूरी तरह से तैयार था जिनका मैं सामना कर सकता था क्योंकि मैंने अपने पिछले मैच की समीक्षा की और उससे सीखा। उनकी शैली अद्वितीय थी और इससे मैं कोर्ट पर बहुत असहज हो गया। मैंने मैच की शुरुआत में ही खुद को प्रेरित किया और अपनी तकनीक और रणनीति को लागू किया। चीनी डर्बी में, तीसरी वरीयता प्राप्त लियांग जिंगकुन ने सीधे गेमों में जू हैडोंग को हराया। लियांग ने कहा, मुझे उम्मीद है कि मैं अगले मैचों में कदम दर कदम अच्छा प्रदर्शन करूंगा।

## यूएस जाने वालों के लिए बड़ी खुशखबरी, अमेरिकी दूतावास देगा 2 .5 लाख अतिरिक्त वीजा अपॉइंटमेंट




**नई दिल्ली( एजेंसी )।** अमेरिका जाने का प्लान कर रहे भारतीयों के लिए खुशखबरी है। यूएस ने पर्यटकों, श्रमिकों और छात्रों सहित भारतीय यात्रियों के लिए अतिरिक्त 2 लाख 50 हजार वीजा अपॉइंटमेंट खोले हैं। इसे लेकर कहा गया कि वीजा की बढ़ती मांग को पूरा करने के लिए यह फैसला लिया गया। अमेरिकी दूतावास की ओर से जारी बयान के मुताबिक, यह कदम ऐसे समय उठाया गया जब 2024 में अब तक 1.2 मिलियन से अधिक भारतीयों ने अमेरिका की यात्रा की है। यह आंकड़ा साल 2023 की इसी अवधि की तुलना में 35प्रतिशत अधिक है। करीब 60 लाख भारतीयों के पास यूएस जाने के लिए गैर-आप्रवासी वीजा है जिसमें लगातार इजाफा भी किया जा रहा है। दूतावास के बयान में कहा गया, 'वीजा को लेकर हाल ही में नए स्लॉट जारी किए गए हैं। इससे सैकड़ों-हजारों भारतीय आवेदकों को समय पर इंटरव्यू देने में मदद मिलेगी। यात्रा की सुविधा मिलेगी। यही तो लोगों के बीच संबंधों की रीढ़ है जो अमेरिका-भारत रिश्ते को मजबूती देती है।' मालूम हो कि भारत में अमेरिकी मिशन ने लगातार दूसरे साल 10 लाख गैर-आप्रवासी वीजा आवेदनों को पार कर लिया है। बयान के मुताबिक, इस साल की गर्मी में छात्र वीजा सीजन के दौरान रिकॉर्ड संख्या में आवेदन आए। अब हम परिवारों को एक साथ लाने, व्यवसायों को जोड़ने और पर्यटन को सुविधाजनक बनाने पर ध्यान दे रहे हैं। अमेरिकी राजदूत एरिक गार्सेटी के हवाले से बयान में कहा गया, 'प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और राष्ट्रपति जो बाइडन ने वीजा प्रक्रिया में सुधार और तेजी लाने को लेकर बातचीत की। मुझे यह कहते हुए खुशी हो रही है कि हमने उस वादे को पूरा किया है। दूतावास और 4 वाणिज्य दूतावासों में कांसुलर टीमें यह सुनिश्चित करने का प्रयास करती हैं कि बढ़ती मांग को पूरा किया जा सके।' अमेरिकी प्रशासन की ओर से कुछ आंकड़े पहले भी जारी किए गए थे। इसके अनुसार, अक्टूबर 2022 से सितंबर 2023 तक यूएस की ओर से 600,000 छात्र वीजा जारी किए गए जिसमें से लगभग एक चौथाई भारतीय थे। अमेरिका ने वीजा आवेदनों में देरी और बैकलॉग को सुलझाने के लिए भी कदम उठाए हैं जो कि कोरोना महामारी के चलते सामने आए।

## टॉप सीड्स विष्णु, वैदेही ने फेनेस्टा ओपन में जीत से की शुरुआत

**नई दिल्ली( एजेंसी )।** टॉप सीड्स (शीर्ष वरीयता प्राप्त) और पूर्व राष्ट्रीय चैंपियन विष्णु वर्धन और वैदेही चौधरी ने सोमवार को यहां डीएलटीए कॉम्प्लेक्स में 29वीं फेनेस्टा ओपन राष्ट्रीय टेनिस चैंपियनशिप के पहले दिन अपने-अपने वर्ग में विजयी शुरुआत की, जबकि अभिनव संजीव ने पहले दौर में तीसरे वरीय इशाक इकबाल को हराया। एशियाई खेलों में कई पदक जीतने वाले तेलंगाना के विष्णु को पहले दौर में हरियाणा के उदित कंबोज के खिलाफ मुश्किल शुरुआत मिली, लेकिन आखिरकार उन्होंने सीधे सेटों में 7-5, 6-1 से मुकाबला जीतकर टूर्नामेंट में आगे बढ़ गए। पूर्व डेविस कप खिलाड़ी को मैच की शुरुआत में कड़ी चुनौती का सामना करना पड़ा क्योंकि उदित ने बेसलाइन पर अपनी तेज़ हरकत और शक्तिशाली फोरहैंड से उन्हें शुरुआती सेट में कभी भी बड़ी बढ़त हासिल नहीं करने दी। जब विष्णु ने अपने अनुभव का इस्तेमाल किया और सटीक शॉट खेलने के लिए अपना संयम बनाए रखा, तो स्कोर 5-5 से बराबर हो गया। दो बार के राष्ट्रीय चैंपियन ने अगले दो गेम जीतकर सेट अपने नाम किया और फिर शुरू से ही अगले सेट पर कब्ज़ा जमाते हुए महत्वपूर्ण जीत दर्ज की। महिला एकल वर्ग में, 2022 फ़ेनेस्टा नेशनल चैंपियन गुजरात की वैदेही ने पहले सेट में सैली ठक्कर (गुजरात) के खिलाफ़ सकारात्मक शुरुआत की और शानदार क्रॉस-कोर्ट फ़ोरहैंड के साथ 6-2 से जीत हासिल करने से पहले तेज़ी से बढ़त हासिल की। दूसरे सेट में सैली ने शुरुआत में हर अंक के लिए संघर्ष किया, लेकिन वैदेही ने जल्द ही नियंत्रण हासिल कर लिया और 6-4 से जीत हासिल कर दूसरे दौर में प्रवेश किया। एक अन्य महिला एकल मैच में, दिल्ली की कशिश भाटिया ने कर्नाटक की सोहा सादिक पर 6-0, 6-1 से आसान जीत दर्ज की।

## शब्द सामर्थ्य -195

(भागवत साहू)

**बाएं से दाएं**
1. चौड़ी और सपाट जमीन, रणभूमि 3. स्वरग्राम, संगीत के सात स्वरों का समूह 6. धूल का कण, किसी वस्तु का सूक्ष्मकण, धूल 7. हिम्मत, सामर्थ्य 8. अभ्यर्थना, रिसेप्शन, यथा अवसर पर पूछे जाने वाला मंगल कुशल 9. आपस का करार, निबटारा 10. वरदान, दुल्हा 12. भोग, ऐश्वर्य 13. कीमत, मूल्य 14. एक वाद्ययंत्र जिसे सपेरे बजाते हैं 16. समता, बराबरी 18. अश्लील, बेहुदा, अभद्र, घटिया 19. युक्ति, उपाय, ढंग 20. रिक्त, अपूर्ण।

**ऊपर से नीचे**
1. दोस्ती, मित्रता 2. अच्छी शिक्षा, नेक सलाह 4. बचाव, हिफाजत 5. मीठापन, मधुर होने का भाव 7. समुद्र 8. आत्मनिर्भर, जो दूसरे पर आश्रित न हो 9. रसवाला, रसदार 11. मां का बच्चों के प्रति प्रेम 13. खैरात, देने की क्रिया 15. दृष्टि, निगाह 16. वरिष्ठ, बुजुर्ग, चतुर 17. पराजय, हार।

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | | 2 | ■ | 3 | 4 | | 5 | ■ |
| | ■ | | ■ | ■ | | ■ | 6 | |
| ■ | 7 | | | ■ | ■ | ■ | | ■ |
| 8 | | | ■ | 9 | | | | ■ |
| 10 | | ■ | ■ | | ■ | ■ | ■ | 11 |
| | ■ | 12 | | | ■ | ■ | 13 | |
| 14 | 15 | ■ | | ■ | 16 | 17 | | |
| ■ | | ■ | 18 | | | | ■ | ■ |
| 19 | | | | ■ | | ■ | 20 | |

**शब्द सामर्थ्य क्रमांक 194 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| ला | लू | प्र | सा | द | या | द | व | ■ |
| प | ■ | ति | ■ | ■ | र | क्ष | क | ■ |
| र | ह | मा | न | ■ | ■ | ■ | ■ | आ |
| वा | ■ | ■ | मि | थु | न | ■ | दा | स |
| ह | वा | ला | त | ■ | सी | ता | ■ | पा |
| ■ | न | ■ | ■ | ■ | ब | क | वा | स |
| औ | र | त | ■ | म | ■ | त | ■ | ■ |
| ला | ■ | बे | च | ना | ■ | व | च | न |
| द | ह | ला | ■ | ना | ग | र | ■ | दी |

## सू- दोकू क्र.195

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 2 | | | 6 | | | 1 | |
| 3 | | | 4 | | | 2 | | |
| | | | | | | | 6 | |
| 6 | | | | | 4 | | | |
| | 9 | | 5 | | | 6 | | 1 |
| | | | | | | | | |
| 4 | | 3 | | | 9 | | | 2 |
| | 8 | | 2 | | | | 7 | |
| 1 | | 2 | | 4 | | 9 | | 6 |

**नियम**
1. कुल 81 वर्ग है,जिसमें 9वर्गो का एक खंड बनता है।
2. हर खाली वर्ग में 1से 9 के बीच का कोई एक अंक र सकते है।
3. बाएं से दाएं और उपर से नीचे के प्रत्येक कालम,कतार और खंड में 1से9अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते है।

**सू-दोकू क्र.194 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 8 | 7 | 6 | 9 | 5 | 1 | 2 | 3 | 4 |
| 1 | 3 | 9 | 2 | 8 | 4 | 5 | 6 | 7 |
| 4 | 5 | 2 | 3 | 7 | 6 | 9 | 1 | 8 |
| 2 | 8 | 5 | 4 | 6 | 7 | 1 | 9 | 3 |
| 3 | 1 | 7 | 8 | 9 | 2 | 4 | 5 | 6 |
| 6 | 9 | 4 | 1 | 3 | 5 | 7 | 8 | 2 |
| 9 | 4 | 1 | 6 | 2 | 8 | 3 | 7 | 5 |
| 7 | 2 | 8 | 5 | 1 | 3 | 6 | 4 | 9 |
| 5 | 6 | 3 | 7 | 4 | 9 | 8 | 2 | 1 |


शक्ति के वंदन का माह
महतारी वंदन की राह
₹1000
खुशियों के नोटिफिकेशन का 8वां माह
महिलाओं को समर्पित होगा
हर पंचायत में बनने वाला
महतारी सदन
मुख्यमंत्री विष्णु देव साय
से जुड़ने के लिए
QR CODE स्कैन करें
श्री विष्णु देव साय
मुख्यमंत्री, छत्तीसगढ़
श्री नरेन्द्र मोदी
माननीय प्रधानमंत्री
विष्णु के सुशासन से सँवर रहा छत्तीसगढ़
SAMVAD- 41623/ 94
Visit us : ChhattisgarhCMO ChhattisgarhCMO ChhattisgarhCMO ChhattisgarhCMO DPRChhattisgarh DPRChhattisgarh www.dprcg.gov.in